आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार, 03 अप्रैल 2025 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-005 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 04 अप्रैल 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

संक्षेप

अमित शाह के लिए चक्रव्यूह जैसा सुरक्षा कवच

रायपुर, 3 अप्रैल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को दंतेवाड़ा दौरे पर आएंगे। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। पूरे जिले की सीमाओं को अभी से सील कर दिया गया है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर हथियारबंद जवानों की तैनाती की जा रही है। प्रदेश से लेकर जिला स्तर के अफ्सर केंद्रीय गृहमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को दंतेवाड़ा आयेंगे या नहीं और उनका प्रोटोकॉल क्या होगा यह अभी तक सार्वजनिक नहीं हो पाया है, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक सूत्र बता रहे हैं कि वे सुबह सवा 11 बजे के करीब दंतेवाड़ा पहुंचेंगे यहां पहुंचते ही वे साढ़े 11 बजे दंतेश्वरी मंदिर जायेंगे और यहां माईजी के सामने मत्था टेंकेंगे। इसके बाद उनके दौरे की शुरूआत होगी। अमित शाह के दौरे के दौरान पूरे जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया है और संवेदनशील स्थानों पर हथियारबंद जवानों की तैनाती की जा रही है। अमित शाह का दंतेवाड़ा में पहला कार्यक्रम सुबह सवा 11 बजे के करीब दंतेवाड़ा पहुंचने के बाद दंतेश्वरी मंदिर में माईजी के सामने मत्था टेकने का होगा।

नगर निगम जोन अध्यक्षों का निर्वाचन सम्पन्न

रायपुर, 3 अप्रैल। नगर निगम में आज जोन अध्यक्षों का चुनाव किया गया। जोन 1 गज्जू साहू, जोन 4 मुरली शर्मा, जोन 5 अम्बर अग्रवाल, जोन 6, बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 7 श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, जोन 8 प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 9 गोपेश साहू, जोन 10 सचिन बी. मेघानी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जोन 2 के अध्यक्ष सभापति सूर्यकांत राठौर हैं।

जोन 3 के अध्यक्ष का चुनाव 4 को: पार्टी ने स्पष्ट किया है कि जोन 3 के अध्यक्ष का चुनाव कल किया जाएगा। इस जोन के लिए प्रत्याशी चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, और जल्द ही औपचारिक नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख की ठगी

बिलासपुर, 3 अप्रैल। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी में मंत्रालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगारों से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने मंत्रालय में पहुंच का दावा करते हुए 10 से ज्यादा युवाओं से करीब 50 लाख रुपये ठग लिए. ठगी का शिकार हुए लोगों ने जब कई साल इंतजार के बाद भी नौकरी नहीं मिलने पर पैसे वापस मांगे, तो आरोपी टालमटोल करने लगा. पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फुटबॉल प्रशिक्षक जावेद खान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. पुलिस के मुताबिक, तखतपुर क्षेत्र के निगारबंद निवासी दीपक राजपूत, जो नेहरू नगर में रहकर एमए की पढ़ाई कर रहा था, वह 2021-22 से जिला पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था. फिजिकल ट्रेनिंग के दौरान उसकी मुलाकात जावेद खान से हुई, जिसने खुद को फुटबॉल खिलाड़ी और खेल विभाग, मंत्रालय रायपुर का कर्मचारी बताया.

सीजेआई का फैसला

हर जज को संपत्ति का ब्यौरा देने का आदेश

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों ने फैसला किया है कि वे अपनी संपत्ति का ब्योरा देंगे। ये पूरी जानकारी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। 1 अप्रैल को ही सभी न्यायाधीशों की बैठक हुई थी।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करने का फैसला किया है। खबर है कि छ्छ्छ्ढ यानी भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने हाल ही में सभी जजों को ऐसे निर्देश दिए हैं। फिलहाल, इसके तकनीकी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। खास बात है कि यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है, जब जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर कैश पाया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों ने फैसला किया है कि वे अपनी संपत्ति का ब्योरा देंगे। ये पूरी जानकारी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। 1 अप्रैल को ही सभी न्यायाधीशों की बैठक हुई थी। हालांकि, पहले ही सीजेआई खन्ना समेत कई न्यायाधीश संपत्तियों की जानकारी अदालत को दे चुके हैं, लेकिन आंकड़े सार्वजनिक अब तक नहीं किए गए थे। फिलहाल, ये आंकड़े कब तक सामने आएंगे, यह भी तय नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, 30 जज अब तक संपत्तियों की जानकारी दे चुके हैं।

राष्ट्रीय राजधानी के लुटियंस क्षेत्र में जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास में 14 मार्च को आग लगने के बाद नकदी की जली हुई गड्डियां मिली थीं। सीजेआई खन्ना की गठित तीन सदस्यीय आंतरिक समिति मामले की जांच कर रही है। जस्टिस वर्मा ने नकदी रखे होने की किसी भी जानकारी से इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट ने यह तय किया है कि जजों को पद संभालते ही अपनी संपत्तियों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए. सीजेआई और जज अपनी संपत्तियों का पूरा ब्योरा स्वेच्छा से सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक करेंगे. मौजूदा समय में सीजेआई सहित सुप्रीम कोर्ट में कुल 30 जजों ने अपनी संपत्तियों का ब्योरा सार्वजनिक किया है.

रोमांस खत्म होना या ब्रेकअप होना रेप नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने शादी के वादे के आधार पर संबंध बनाने के नाम पर बढ़ते रेप मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है. अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां रिश्ते शादी तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, और यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है. जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि रोमांस का समाप्त होना या ब्रेकअप होना किसी भी तरह से रेप का मामला नहीं बनाता. अदालत ने यह भी बताया कि समाज में मूल्यों में हो रहे बदलावों को समझना आवश्यक है, ताकि रिलेशनशिप के टूटने को रेप केस के रूप में न देखा जाए. यह टिप्पणी एक व्यक्ति की अर्जी पर सुनवाई के दौरान की गई, जिसने रेप केस को खारिज करने की मांग की थी.

सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा 25000 नियुक्तियों को रद्द करने का फैसला

ममता बनर्जी को बड़ा झटका

कोलकाता, 3 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को एक महत्वपूर्ण झटका देते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट के उस निर्णय को स्वीकार कर लिया, जिसमें 2016 में हुई शिक्षक और गैर-शिक्षक भर्ती में लगभग 25000 नियुक्तियों को रद्द किया गया था. यह मामला चर्चित 'स्कूल जॉब्स फॉर कैश' घोटाले से संबंधित है, जिसमें भर्ती प्रक्रिया में व्यापक हेरफेर और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे. मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पीवी संजीव कुमार की पीठ ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में व्यापक धांधली और फर्जीवाड़ा हुआ है, जिससे इसकी वैधता और विश्वसनीयता समाप्त हो गई है. अदालत ने उच्च न्यायालय के निर्णय में हस्तक्षेप करने से मना करते हुए कहा, हमने मामले के तथ्यों का अध्ययन किया है. चयन प्रक्रिया पूरी तरह से हेरफेर और धोखाधड़ी से प्रभावित है. इसमें हस्तक्षेप का कोई औचित्य नहीं है. इस प्रक्रिया के तहत चयनित उम्मीदवारों को हटाया जाना चाहिए, क्योंकि उनकी नियुक्तियां धोखाधड़ी के आधार पर हुई हैं. सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि अब तक नियुक्त उम्मीदवारों को अपने वेतन वापस करने की आवश्यकता नहीं है. अदालत ने यह भी आदेश दिया कि नई भर्ती प्रक्रिया तीन महीने के भीतर पूरी की जाए. इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने यह उल्लेख किया कि नई चयन प्रक्रिया में उन उम्मीदवारों को कुछ छूट दी जा सकती है जो इस घोटाले से प्रभावित नहीं हुए हैं. यह घोटाला 2016 में पश्चिम बंगाल के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में हुई भर्ती से संबंधित है. इस परीक्षा में 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया, लेकिन बाद में यह आरोप सामने आया कि ह्रख्क्र शीट्स का मूल्यांकन गलत तरीके से किया गया और कई अपात्र उम्मीदवारों को अनुचित रूप से नौकरी प्रदान की गई. कलकत्ता हाईकोर्ट ने अप्रैल 2024 में 25,000 नियुक्तियों को अवैध मानते हुए रद्द कर दिया.

रास में रिजिजू ने पेश किया वक्फ संशोधन विधेयक

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज की तारीख में 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फसंपत्तियों से 12,000 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि आज इन संपत्तियों से कितनी आय हो रही होगी। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश किया। लोकसभा में 12 घंटे से अधिक समय तक चली बहस के बाद वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पारित होने के बाद आज सभी की निगाहें राज्यसभा पर हैं। एनडीए के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने विधेयक पारित करने का भरोसा जताया है, जबकि विपक्ष का कहना है कि वह विधेयक के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज की तारीख में 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ रुपये की आय का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि आज इन संपत्तियों से कितनी आय हो रही होगी। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा कि हमने राज्य सरकारों, अल्पसंख्यक आयोगों और वक्फ बोर्डों से बात की और इस विधेयक को संसद में लाया। जेपीसी का गठन किया गया और राज्यसभा और लोकसभा के प्रतिनिधि इसमें शामिल थे। कई लोगों को जेपीसी के परामर्श पर संदेह था। कल लंबी चर्चा के बाद विधेयक लोकसभा में पारित हो गया। किरेन रिजिजू ने कहा, मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं।

इससे पहले लोकसभा ने बुधवार को विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों के कड़े विरोध के बीच और साढ़े 10 घंटे से अधिक समय तक चर्चा के बाद देर रात करीब दो बजे वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 को पारित कर दिया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में वक्फ संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सरकार के इस कदम को मुस्लिम विरोधी बताने के कई विपक्षी सदस्यों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक को मुसलमानों को बांटने वाला बताया जा रहा है, जबकि सरकार इसके जरिए शिया, सुन्नी समेत समुदाय के सभी वर्गों को एक साथ ला रही है।

झुकूंगा नहीं... पुष्पा स्टाइल में राज्यसभा में गरजे मल्लिकार्जुन

नई दिल्ली, 3 अपैल।। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि अनुराग ठाकुर द्वारा मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों से मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने भाजपा सांसद से कहा कि वह अपने खिलाफ लगाए गए 'बेबुनियाद' आरोपों को साबित करें या इस्तीफा दें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा उनके खिलाफलगाए गए 'भूमि हड़पने' के आरोप साबित हो जाते हैं तो वह इस्तीफा दे देंगे। खड़गे ने यह फिल्मी अंदाज में जवाब दिया। ठाकुर ने एक दिन पहले लोकसभा में वक्फबिल पर चर्चा के दौरान यह आरोप लगाया था। तीखे जवाब में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने न केवल इस दावे को निराधार बताया बल्कि माफी की मांग भी की।

वन प्रमुख श्रीनिवास पर मेहरबान कौन?

पीएमओ ने कंवर की शिकायत पर दिए जांच के निर्देश

रायपुर, 3 अप्रैल । छत्तीसगढ़ के वन प्रमुख पीसीसीएफ व्ही श्रीनिवास राव CAMPA और वनरक्षक भर्ती में घोटाले को लेकर वन विभाग में वर्षो से चर्चित हैं , यह अलग बात है कि सरकार चाहे किसी की हो अपनी पदस्थापना अपनी चाह के अनुरूप करा लेन में कामयाब होते आए रहे हैं। भूपेश सरकार के समय में भी इन पर कोई कार्रवाई की सभी उम्मीद कर रहे थे लेकिन न जाने कैसे श्रीनिवास राव अपना रसूख बढ़ाने में कामयाब हो गए। वन प्रमुख राकेश चतुर्वेदी के रहते ही विभाग में चर्चा शुरू हो गई थी कि श्रीनिवास राव को ही वन प्रमुख बनाया जाएगा। वरिष्ठता के क्रम में सुधीर अग्रवाल को वन प्रमुख बनाया जाना चाहिए था लेकिन चयन प्रक्रिया इस तरह की गई कि कैट और उच्च न्यायालय ने भी सुधीर अग्रवाल की याचिका खारिज कर दी। यह विडंबना ही है कि एक बेदाग अफसर के मुक़ाबले एक दागी अफसर को कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने वन प्रमुख के पद पर नियुक्ति दी।

सरकार बदल गई मगर पीसीसीएफश्रीनिवास राव को हटाया नहीं गया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार भी राव को पद पर बनाए रखा है। राव में बात तों है तभी तो भाजपा के पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर की शिकायत के बावजूद कुछ नहीं हुआ।

आरोप हैं कि पीसीसीएफ श्रीनिवास राव ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में वन रक्षकों की भर्ती में ऐसा गड़बड़ झाला किया जिससे भाजपा सरकार की किरकिरी हुई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। कैम्पा अन्तर्गत केन्द्र से मिली राशि में बड़ा घालमेल भी हुआ।

वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड की परीक्षा में हुए फर्जीवाड़े की ख़बर उन दिनों चर्चा में रही। यह तथ्य भी सामने लाया गया था कि किस तरह वन विभाग में इस परीक्षा में भी जमकर कुछ अधिकारियों की मनमर्जी चली है। दिल्ली के एक पत्रकार ने तो बकायदा इसे लेकर केंद्रीय जांच एजेंसी तक को ट्वीट कर छत्तीसगढ़ में बड़े फर्जीवाड़े की बात लिख दी तभी से अंदरखाने ये चलने लगा कि श्रीनिवास राव पर आज नहीं तो कल शिकंजा कसा ही जाएगा।

कोई कार्रवाई न होता देख इस मामले की शिकायत पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने केंद्र सरकार से की और सीधे प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा और आखिरकार इस पर केंद्र सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईएएस मनोज कुमार पिंगुआ को पत्र लिखकर आदेश दिया गया है कि इस मामले की और कैम्पा में भ्रष्टाचार की जांच की जाए। कैम्पा व कुछ बड़े भ्रष्टाचार में बस्तर से लेकर सरगुजा तक वन विभाग के कुछ अधिकारी नियम कानून को ताक पर रखकर कई कारनामे कर चुके हैं। सरगुजा के एक डीएफओ की भी कुछ कारगुजारियां सामने आने के संकेत मिल रहे हैं। जांच इसकी भी होनी चाहिए कि कैम्पा की केन्द्र से मिली राशि को दूसरे मद में खर्च कैसे किया गया और समय-समय पर जांच के लिए आएं केन्द्र सरकार के अधिकारियों ने इस तरह की गड़बड़ी को किस वजह से नजर अंदाज किया ?

संसद में संजय राउत गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) सांसद संजय राउत अपने बदजुबानी के लिए जाने जाते हैं। संजय राउत हमेशा कुछ न कुछ विवादित बयान दे देते हैं, जो उन्हें चर्चा में ला देता है। इस बार संजय राउत संसद में कार्यवाही के दौरान ही भड़क गए। गुस्से में तमतमाते हुए संजय राउत ने चुटकी बजाते और चीखते हुए बोलने लगे। इसका वीडियो भी सामने आया है। दरअसल बुधवार को राज्यसभा में 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025' पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान शिवसेना के सांसद संजय राउत और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच तीखी बहस हुई। संजय राउत के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के एक सदस्य ने शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का नाम लिया.। यह सुनते ही संजय राउत गुस्से में आ गए और बोले, कौन बोल रहा है बालासाहेब ठाकरे कौन है? उन्होंने बार-बार सत्ता पक्ष की ओर इशारा करते हुए सवाल किया कि बालासाहेब ठाकरे का नाम लेने वाला कौन है?

आजादी के बाद पहली बार नक्सलगढ़ रायगुड़म पहुंचा प्रदेश का कोई मंत्री

विजय शर्मा ने ग्रामीणों के साथ लगाई चौपाल, जवानों के साथ बाइक में किया सफर

सुकमा, 3 अप्रैल। लम्बे समय से नक्सलियों के कब्जे में रहा रायगुड़म के इतिहास में पहली बार कोई मंत्री लोगों की सुध लेने के लिए पहुंचा. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपनी पहली आमद में लोगों के साथ चौपाई लगाकर उनकी समस्याएं सुनी. नक्सलियों को देख-देखकर ऊब चुके ग्रामीणों के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात किसी उत्सव से कम नहीं था.

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाने से पहले जगरगुंडा के रायगुड़म में जवानों से मुलाकात की. इस दौरान बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, सीआरपीएफ डीआईजी सूरजपाल वर्मा, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, सीआरपीएफ कमांडेंट नवीन मौजूद थे. इसके बाद बाइक में सवार होकर बीहड़ इलाके में पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मुलाकात की.

कबीरधाम पुलिस ने पकड़ा 3 करोड़ का सोना

कवर्धा, 3 अप्रैल। कबीरधाम पुलिस ने अवैध रूप से बिना बिल और वैध दस्तावेजों के लाए जा रहे लगभग 3 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण सहित 8.40 लाख रुपये नगद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई थाना कवर्धा पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर की गई, जिसमें दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया और सोने के परिवहन के संबंध में पूछताछ की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति बिना दस्तावेजों के भारी मात्रा में सोना लेकर जा रहे हैं। इस पर थाना कवर्धा पुलिस ने नाकाबंदी कर एक वाहन को रोका, जिसमें उमाशंकर साहू (निवासी भगत चौक, टिकरापारा, रायपुर) और जावेद जिवानी (निवासी फब्वारा चौक, बैरन बाजार, रायपुर) सवार थे।

जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो गाड़ी में 4 किलो सोना होना बताया जिस पर पुलिस ने दोनों को वाहन और माल मशरूका सहित थाना लाकर थाना सीसीटीवी और वीडियो कैमरा में समक्ष उनकी तलाशी ली, तलाशी लेने पर उनके कब्जे से सोने के अलग अलग आभूषण जिसका कुल वजन 4000.700 ग्राम था, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 3 करोड़ रुपये है जप्त किया गया। साथ ही, 8.40 लाख रुपये नगद एवं एक कार भी जप्त किया गया है।

जब पुलिस ने इनसे इस सोने से संबंधित दस्तावेज मांगे, तो दोनों व्यक्तियों द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज या बिल प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह संदेह उत्पन्न हुआ कि यह अवैध रूप से ले जाया जा रहा सोना हो सकता है। मामले में अग्रिम कार्यवाही करते हुए धारा 106 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा, पुलिस इस मामले की सूचना आयकर विभाग और राज्य कर को भी दे रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कहीं यह मामला अघोषित संपत्ति, कर चोरी या हवाला लेन-देन से तो जुड़ा नहीं है। कबीरधाम पुलिस स्पष्ट कर देना चाहती है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी व्यक्ति के पास भारी मात्रा में सोना, चांदी या नकदी पाई जाती है और उसके पास वैध दस्तावेज नहीं होते, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने बैंकॉक पहुंचे मोदी

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार के बीच पीएम नरेंद्र मोदी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने बैंकॉक पहुंच गए हैं। इस सम्मेलन में थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और भूटान के नेता हिस्सा ले रहे हैं। थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय थाईलैंड पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी 4 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह प्रधानमंत्री की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। इसके बाद पीएम मोदी श्रीलंका दौरे के लिए रवाना हो जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ वार के बीच पीएम मोदी की यह यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। ट्रंप ने कई एशियाई देशों पर 25 से 45 फीसदी के बीच टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने बिम्सटेक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाले थाईलैंड देश पर 36 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। यह भारत की अपेक्षा 10 फीसदी ज्यादा है। वहीं श्रीलंका पर भी 44 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

शिखर सम्मेलन की मुख्य विशेषताओं में 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन घोषणापत्र को अपनाना शामिल है, जो नेताओं के दृष्टिकोण और निर्देशों को हाईलाइट करेगा। साथ ही ऐतिहासिक बैंकॉक विजन 2030, भविष्य के सहयोग को बढ़ाने के लिए पहला रणनीतिक रोडमैप होगा। क्षेत्रीय संपर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सभी देशों के नेता समुद्री परिवहन सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर करेंगे, जिसका उद्देश्य बंगाल की खाड़ी में व्यापार और यात्रा का विस्तार करना है। बिम्सटेक को लेकर विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा, नेताओं से बिम्सटेक ढांचे के भीतर सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न संस्थान और क्षमता निर्माण उपायों पर भी चर्चा करने की उम्मीद है। भारत क्षेत्रीय सहयोग और साझेदारी को मजबूत करने के लिए बिम्सटेक में कई पहल कर रहा है, जिसमें सुरक्षा बढ़ाना, व्यापार और निवेश को सुविधाजनक बनाना, भौतिक, समुद्री और डिजिटल संपर्क स्थापित करना, खाद्य, ऊर्जा, जलवायु और मानव सुरक्षा में सहयोग करना, क्षमता निर्माण और कौशल विकास को बढ़ावा देना और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाना शामिल है।

भारत के लिए मिक्सिड बैग है ट्रंप टैरिफ

नई दिल्ली, 3 अप्रैल। अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफलगाने का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में 'मुक्ति दिवस' की घोषणा करते हुए भारत पर 26 फीसदी टैरिफलगाने का ऐलान किया। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार पर मोदी सरकार की पहली प्रतिक्रिया आ गई है। भारत ने कहा, अमेरिका की तरफसे लगाए गए टैरिफभारत के लिए मिक्सिड बैग है और भारत के लिए कोई झटका नहीं है। भारत के कॉमर्स मंत्रालय ने कहा कि वो अमेरिका के लगाए गए टैरिफ का भारत पर क्या असर होगा इसका विश्लेषण कर रहे हैं। साथ ही भारत ने अमेरिका के टैरिफको मिक्सिड बैग बताया है। अधिकारी के अनुसार, अमेरिका में सभी आयातों पर यूनिवर्सल10 प्रतिशत टैरिफलगाया है, जोकि 5 अप्रैल से और बाकी 16 प्रतिशत टैरिफ10 अप्रैल से लागू होगा। अमेरिका की तरफसे लगाए गए 26 प्रतिशत टैरिफको मंत्रालय ने कहा कि वो इस टैरिफका भारत पर क्या असर होगा इसका विश्लेषण कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, एक प्रावधान है कि अगर कोई देश अमेरिका से टैरिफको लेकर अपनी चिंताओं के बारे में बात करेगा, तो ट्रंप प्रशासन उस देश के खिलाफटैरिफ को कम करने पर विचार कर सकता है। बता दें कि भारत पहले से ही अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। दोनों देश इस साल के अंत (सितंबर-अक्टूबर) तक समझौते के पहले फेज को अंतिम रूप देने का लक्ष्य बना रहे हैं।

अब आसानी से बर्खास्त नहीं किए जाएंगे सरकारी अफसर

बिलासपुर, 3 अप्रैल। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने एक पुलिस कांस्टेबल की अनिवार्य सेवानिवृत्ति को खारिज कर दिया है क्योंकि सजा अनुपातहीन थी। कोर्ट ने कहा है कि अनुशासनात्मक अधिकारियों को कांस्टेबलों पर बड़ा दंड लगाने से पहले पुलिस विनियमन के विनियमन 226 के तहत दिए गए कम दंड पर विचार करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि बर्खास्तगी अंतिम उपाय होनी चाहिए और तब तक नहीं की जानी चाहिए जब तक कि अन्य सभी उपाय विफल न हो जाएं।

याचिका के मुताबिक रामसागर सिन्हा बिलासपुर के सकरी में कांस्टेबल थे। 31 अगस्त 2017 को महत्वपूर्ण शिविर सुरक्षा ड्यूटी करने से उन्होंने इंकार कर दिया। अधिकारियों ने लापरवाही बरतने पर उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई। इसे सिंगल बेंच ने खारिज कर दिया। इस फैसले को डीबी में चुनौती दी गई। इसमें तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता 56 वर्ष की आयु में अपने खराब स्वास्थ्य के बावजूद एक कट्टर नक्सल क्षेत्र में तैनात थे, जिसके कारण वे 24 जुलाई 2017 को ड्यूटी पर रिपोर्ट नहीं कर पाए। इसके साथ ही जांच समिति ने स्वास्थ्य संबंधी जांच भी ठीक से नहीं की। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता कांस्टेबल के निम्नतम पद पर कार्यरत थे, इसलिए कथित कदाचार के लिए उचित सजा चेतावनी होती, न कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति ।

बाबा दरबार धनोरा में मनाई गई पंचमी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 3 अप्रैल। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में बुधवार को पंचमी पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया संध्या कालीन आरती के बाद कलश चढ़ हाकर माता रानी का सिंगार किया गया दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पंडा मनोज पटेल भोलू साहू राजू यादव मनसुखा साहू के द्वारा विधी विधान के साथ कलश चढ़ हाया गया श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि पंचमी के दिन सुबह से ही दरबार में भकतो का ताता लगा रहा खीर पुड़ी चुनरी हार फुल नारियल लेकर भक्त गण दरबार पहूंच कर माता रानी की पुजा पाठ करते रहे हर रोज रात्रि में गुलाब साहू जी एवं हेमंत साहू के मंडली द्वारा माता सेवा का कार्यक्रम चल रहा है रात्रि में ज्योति ज्वारा दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों का मेला लगा रहता है नौ दिन तक पुरे गांव के एवं आस पास के गांव के लोग माता रानी की सेवा में लीन होगया है इस दरबार में भकतो द्वारा 171 मनोकामना पूर्ण ज्योति प्रज्वलित किया गया है बैंगलोर उत्तरप्रदेश अमेरिका विदेश महाराष्ट्र नागपुर राजनांदगांव रायपुर बालोद दल्लीराझरा धमतरी दुर्ग बेमेतरा आदि जगहों के भकतो द्वारा यहां पर ज्योति प्रज्वलित किया गया है अगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि शनिवार को शाम 4 बजे से हवन अष्टमी का कार्यक्रम होगा फिर रविवार को शाम 4 बजे दरबार से ज्योति कलश निकल कर गांव में भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंचे गा जहां पर विसजर्न का कार्यक्रम होगा मुख्य रूप से दरबार में अपनी सेवाएं दे रहे हैं श्री विनोद साहू जी राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा भोलू खिलेशवर चीन्टू साहू मुनना गंधर्व जीवराखन ठेकेदार बाबु लाल साहू मारियल कुंभकरण पटेल वासुदेव स्प्रे सुनील कहार सुंदर स्प्रे दिनेश साहू डोरे लाल ओमकार साहू नोहर साहू रुपलाल साहू रोमनाथ साहू चंद्र कांत देवांगन कल्याण देवांगन एमलाल देवांगन शिवचरण साहू तोमन गजपाल योगेश साहू राजू देशमुख गुमान टीकम साहू डॉ धनेशवर साहू श्रीमती बबीता साहू ललिता यादव देवकी साहू नीरा साहू दुर्गा साहू प्रमिला साहू देवश्री साहू अंजू देवांगन मंजू साहू पार्वती मंडलिन रुक्मणी साहू प्रभा साहू लक्ष्मी साहू हितेश पटेल कौशिलिया सेन सुनीता साहू संगीता स्प्रे मुंगा स्प्रे रेखा पटेल कु डिम्पल साहू कु पुजा कु बेदू कु सुरुची कु नेहा कु निशा सेन कु विननी साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद होकर पुरे अपनी सेवाएं दे रहे हैं यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं श्री कुंज लाल साहू जी ने दी ।

एक नजर

कंपनी से 25 लोहे की प्लेट चोरी

भिलाई, 3 अप्रैल। भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत नकाबपोश चोर कंपनी के दीवाल को छेदकर घुसे और 25 नग लोहे के प्लेट को चोरी कर भाग गए। कंपनी में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर कैद हो गए हैं। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 303(2),331 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी गुलाबचंद मौर्या मेटाल इस्ट्रचर प्राइवेट लिमिटेड मुरमुंदा में सुपरवाइजर का कार्य करता है। कंपनी में लोहे का जॉब बनाया जाता है और कंपनी में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक काम होता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 मार्च की शाम 6 बजे ड्यूटी कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह 10 बजे काम पर आया तो पता चला कि कंपनी के दीवाल को छेद कर कंपनी अंदर प्रवेश कर कंपनी में रखी लोहे की प्लेट को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये हैं। कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो 30 मार्च की रात 12.30 बजे के रात्रि 2.30 बजे के मध्य चार अज्ञात चोर मुंह में कपड़ा बांधकर कंपनी के दीवाल को छेद कर कंपनी अंदर प्रवेश करते दिखे। वे लोहे की प्लेट 25 नग प्रत्येक प्लेट का वजन 100 से 110 किलो कीमत करीब 40 हजार रुपए की चोरी कर ले गए ।

बीएसपी के बार और रॉड मिल की अभूतपूर्व उपलब्धि

भिलाई, 3 अप्रैल। उन्नत स्वचालन और अत्याधुनिक नियंत्रण प्रणालियों से सुसज्जित भिलाई इस्पात संयंत्र की 0.9 मिलियन टन मापित क्षमता वाली मोडेक्स यूनिट, बार एवं रॉड मिल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने उत्कृष्ट कीर्तिमानों को जारी रखते हुए एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर अर्जित किया। संयंत्र ने अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 1.0 मिलियन टन को पार कर एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। 29 मार्च 2025 को तृतीय पाली में बीआरएम की टीम ने इस अत्यंत चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को सामूहिक प्रयास से पहली बार प्राप्त किया। इसके साथ ही, 1.0 मिलियन टन के डिस्पैच के माध्यम से भी एक ऐतिहासिक सफलता दर्ज की गई। कीर्तिमानों की इस श्रृंखला में, पाली प्रबंधक परिमल एवं नारायण के नेतृत्व में 1 अप्रैल को रात्रि पाली में 20 एमएम टीएमटी बार का 1528 टन (742 बिलेट) उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ पाली उत्पादन का कीर्तिमान भी स्थापित किया गया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी.के. गिरी, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक आर.के. श्रीवास्तव, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एम.के. गोयल तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने 02 अप्रैल को बीआरएम पहुँचकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि हेतु संपूर्ण टीम को बधाई दी। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार एवं विभाग प्रमुख योगेश शास्त्री, मुख्य महाप्रबंधक ने केक काटकर समस्त टीम के साथ इस उपलब्धि का उत्सव मनाया। महाप्रबंधकगण सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत महंती, समीर पाण्डेय, शिखर तिवारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्मिकों को बधाई प्रेषित की।

अफजलुद्दीन हैदर के उर्स में उमड़े लोगों ने की चादरपोशी और दुआएं

भिलाई, 3 अप्रैल। हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद अफजलुद्दीन हैदर (रहमतुल्लाह अलैहि) का 46 वां उर्स मुबारक बुधवार को कब्रिस्तान हैदरगंज कैंप-1 में मनाया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व अन्य प्रदेशों से अकीदतमंद बड़ी तादाद में शामिल हुए। आयोजन में मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गई। उर्स में सुबह फजर की नमाज के बाद से कुरआन ख्वानी का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद नात व मनकबत पेश की गई। हजरत हैदर की दीनी खिदमत पर मस्जिदों के इमाम ने रौशनी डाली। हजरत हैदर के बेटे और जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम हाफिज अजमलुद्दीन हैदर का बीते साल इंतकाल हुआ है। इस बार उनकी याद का यह पहला उर्स था। अकीदतमंदो में हाफिज हैदर की कब्र पर भी फूल पेश किए और दुआएं की। तकरीर के बाद कुल की फातिहा व चादरपोशी की गई और इसके बाद लंगर तकसीम किया गया। इस मौके पर हैदर परिवार ने पहुंचे सभी अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि का नेशनल कॉन्फ्रेंस 17 अप्रैल से

भिलाई, 3 अप्रैल। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तथा राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन द्वारा अपने 18 प्रभागों के माध्यम से संपूर्ण विश्व में समाज के सभी वर्गों के लिए निशुल्क आध्यात्मिक, नैतिक मूल्य निष्ठ तथा राजयोग मेडिटेशन द्वारा सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाओं (कॉन्फ्रेंस) का आयोजन संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू सहित भारत के विभिन्न शहरों के सेवा केंद्रों (रिट्रीट सेंटर) में आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन (आर ई एंड आर एफ) के सुरक्षा प्रभाग (सिक्योरिटी सर्विसेस विंग) द्वारा 17 से 21 अप्रैल तक सेल्फ एम्पावरमेंट थ्रू इनर अवेकनिंग विषय पर संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू स्थित अकैडमी फॉर बेटर वर्ल्ड ज्ञान सरोवर में नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया है। जिसमें देश भर से मिलिट्री पैरामिलिट्री, आर्मी, नेवी, एयर फोर्स, कोस्ट गार्ड,सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सी आई एस एफ,असम राइफल्स, आर पी एफ,सीबीआई, दिल्ली पुलिस, स्टेट पुलिस, सीजीडीए, जेल सिक्योरिटी सर्विसेज, बॉर्डर रोड सेफ्टी सुरक्षा से जुड़े 400 विशिष्ट अधिकारी भाग लेंगे।

संजय ने बायपास रोड और अभिषेक ने रेल लाइन की सुविधा की मांग सीएम साय से की

कवर्धा,3 अप्रैल। समाजसेवी संजय चंद्रवंशी ने बायपास रोड की बीजेपी सरकार से मांग करते हुए कहा की रायपुर रोड से जबलपुर मार्ग बायपास रोड बनना चाहिए क्योंकि भारी वाहनों का शहर के अंदर आवा जाही ज्यादा हो रहा है जिसके कारण एक्सीडेंट की संभावना भी रहती है । बायपास रोड बनने से एक्सीडेंट की घटनाएं भी कम होगी । बीमा सलाहकार अभिषेक सोनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की जल्द ही रेल लाइन की सुविधा नगर वासियों और जिले वासियों को मिले ।

नगरपालिका में सुनी जाती है लोगों की बातें

कवर्धा,3 अप्रैल। कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी और सीएमओ रोहित साहू के मार्गदर्शन में कवर्धा नगर पालिका ऑफिस में आवक जावक ऑफिस में लोगों को जानकारी दी जाती है और आवेदन भी दिया जाता है और स्टाफ लोगों की बातों को अच्छे से सुनते है और जानकारी देते है ।

कर्मचारियों और जनता के लिए पीएचई आफिस में शीतल जल की व्यवस्था

कवर्धा, 3 मार्च। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में कार्यपालन अभियंता डी एस राजपूत के मार्गदर्शन में शीतल जल की व्यवस्था की गई । आवेदन करने के लिए लोग पहुंचते है या कर्मचारी को प्यास लगती है तो शीतल जल पीते हुए देखे जाते है और आवेदन करने वालो के चेहरे मैं भी मुस्कराहट देखी जाती है शीतल पेयजल को पीकर ओर कर्मचारी को भी प्यास लगती है तो मटका में शीतल पेयजल मिल जाता है और कर्मचारीयों के चेहरे में भी खुशी दिखती है ।

मां शीतला मंदिर पोड़ी में श्रद्धालुओं ने पूजा की

कवर्धा, 3 अप्रैल। मां शीतला मंदिर पोड़ी मे सुबह सुबह श्रद्धालु अगरबत्ती जलाकर फूल और नारियल चढ़ाकर पूजा की । गोपाल चंद्रवंशी और शांतिलाल साहू ने बताया की पूजा करने से मन में शांति मिलती है और मन को अच्छा लगता है । पंडित तिवारी ने बताया की 167 ज्योति कलश प्रज्वलित है । पोड़ी बाजार में नारियल ओर फल की बिक्री बढ़ गई है । पूजा के लिए चूड़ियां भी खरीद रहे है लोग ओर उपवास के कारण दुग्ध ओर दही भी खरीद रहे है । सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में तांता लगा हुआ है ।

रिसाली में विकास कार्य के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 10 रिसाली सेक्टर में विकास कार्य के लिए भूमिपूजन की। क्षेत्रीय पार्षद जमुना ठाकुर ने अपने निधि से 4 लाख 50 हजार स्वीकृत की है। इस राशि से ब्लाक 203, 204, 207 व 208 दशहरा मैदान का सीमेंटीकरण का कार्य पूर्ण होगा। उल्लेखनीय है कि बारिश के पानी से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आने वाले समय में उन्हें इस समस्या से निजात मिलेगी।

सिविक सेंटर के अवैध शॉप संचालकों पर प्रवर्तन अनुभाग की कार्रवाई

भिलाई, 3 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा 02 अप्रैल 2025 को न्यू सिविक सेंटर स्थित प्लॉट/शॉप नं 182 के लीजधारक के विरूद्ध कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि लीजधारक द्वारा लीज की अवधि 29 सितम्बर 2012 को समाप्त हो जाने के पष्चात बिना लीज नवीनीकरण कराए अवैध रूप से शॉप का संचालन किया जा रहा था और 77 लाख 52 हजार रूपए के बकाया बिल का भुगतान भी 2014 से नहीं किया गया था। इस पर प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने 02 अप्रैल 2025 को शॉप नं 182 के लीजधारक पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उक्त दुकान को पुलिस बल थाना कोतवाली (महिला पुलिस बल सहित) की सहायता से एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट श्री ढ़ाल सिंह बिसेन की उपस्थिति में सील किया।

सरपंच की अनूठी पहल,नवरात्रि व ईद पर की मंदिर व मस्जिद की सफाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 3 अप्रैल। मचांदुर के युवा सरपंच युगल किशोर साहू के माह में एक बार पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा होने वाले अनूठा पहल श्रमदान मोर गांव बर÷ में उपसरपंच व सभी पंच गणों के साथ साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक मचांदुर महाविद्यालय के बच्चों की सक्रियता देखने को मिला।नवरात्रि के पावन अवसर पर एक नई सोच के साथ ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने नवाचार करते हुए शनिदेव मंदिर,शिव मचांदुरेश्वर मंदिर,ग्राम पंचायत भवन,शीतला मंदिर,परमेश्वरी मंदिर,नवदुर्गा मंदिर के साथ-साथ ईदगाह की जगह की सफाई करके फिर एक बार ऐतिहासिक कार्य कर पंचायत को एक नया आयाम तक पहुँचाने में कार्यरत है।मुस्लिम समुदाय का कहना है कि पहले बार इतिहास में किसी सरपंच व पंचायत के प्रतिनिधियों ने ईदगाह की सफाई किया है,ये हमारे हिन्दू-मुस्लिम की एकता और भाईचारे का परिचायक है।

गांव के जनप्रतिनिधियों ने इस कार्य को लेकर ग्राम पंचायत के इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा किया।इस पर ग्राम प्रधान युगल किशोर ने कहा कि हमारे इस कार्य में मेरा पूरा पंचायत परिवार मेरे साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रहा है साथ में इस पुनीत कार्य मे हमें ग्रामीण जनों का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।इससे पूर्व माँ शीतला तालाब की सफाई पर ग्रामीणजनों का सहयोग अविस्मरणीय है।

विधायक रिकेश की पहल से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक बनेगी सड़क

भिलाई, 3 अप्रैल। विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर बजट वर्ष 2025-26 में नेहरू नगर से सुपेला तक सड़क निर्माण और विद्युतीकरण कार्य के लिए पहल शुरू हो गई है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त से इस कार्य का डीपीआर मांगा गया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज दिल्ली रवानगी पूर्व बताया कि वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक सड़क तक रेलवे लाइन के समानांतर रोड निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए उन्होंने 706 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया था जिसे इस वित्त वर्ष में अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत शामिल किया गया है। सेन ने बताया कि भिलाई निगम के जोन-1 अंतर्गत नेहरू नगर अंडरब्रिज से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन तक रेलवे लाइन के समानांतर रोड निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए 322 करोड़ और भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक रेलवे लाइन के समानांतर रोड एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए 384 करोड़ से यह कार्य होना है। अधोसंरचना मद अंतर्गत बजट वर्ष 2025-26 में शामिल इस कार्य प्रस्ताव (डीपीआर) के प्रस्तुतीकरण हेतु राज्य शासन ने 24 मार्च को निगम आयुक्त को पत्र दिया है।

भिलाई महिला समाज की नई कार्यकारिणी गठित

भिलाई, 3 अप्रैल। भिलाई महिला समाज (बीएमएस) की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता के नेतृत्व में 01 अप्रैल को भिलाई महिला समाज के वर्ष 2025 से 2027 के कार्यकाल हेतु नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता व उपाध्यक्ष श्रीमती आषा रानी की अध्यक्षता में इस आमसभा में भिलाई महिला समाज की नोडल अधिकारी व महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे सहित सभी 10 क्लबों की सचिव, सदस्य, एसोसिएट सदस्य एवं कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति में कार्यकारिणी समिति के नई सदस्यों की घोषणा की गई। समिति के नई कार्यकारिणी सदस्यों में सचिव के रूप में श्रीमती सोनाली रथ, संयुक्त सचिव के रूप में श्रीमती दीपन्विता पाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन व सह-कोषाध्यक्ष के रूप में श्रीमती पूनम प्रियदर्षी शामिल की गई हैं। इसके साथ ही भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोति मुखोपाध्याय व अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मौली चक्रवर्ती, श्रीमती आशा रानी, श्रीमती स्मिता गिरी, श्रीमती पूनम कुमार, श्रीमती रेणुका रंगनाथन हैं। श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता, अध्यक्ष (बीएमएस) ने कार्यकारिणी समिति के नए सदस्यों को बधाई दी और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बीएमएस भविष्य में भी अपनी गतिविधियों को आगे बढ़ाएगा और समृद्ध होगा। उन्होंने 04 अगस्त, 2025 को बीएमएस के आगामी स्थापना दिवस के लिए भिलाई महिला समाज (बीएमएस) के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। ज्ञात हो कि उपरोक्त कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ही 10 अतिरिक्त सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई, जो भिलाई महिला समाज की विभिन्न इकाइयों का नेतृत्व करेंगी, जिनमें पेट्रोल पंप हेतु श्रीमती सपना सोनी व श्रीमती नीलिमा साहू, दस्ताना इकाई हेतु श्रीमती रुखसाना शेख व श्रीमती सुधा शर्मा तथा मसाला इकाई हेतु श्रीमती रागिनी शर्मा व श्रीमती बबीता सिंह, साथ ही साबुन एवं स्टेशनरी इकाई के प्रभारी के रूप में श्रीमती रीता तिवारी व संयुक्त प्रभारी के रूप में श्रीमती लक्ष्मी पटेल ने कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण की। इसके अतिरिक्त सहयोगी सदस्यों के रूप में श्रीमती गीता हटोटे (दस्ताना इकाई) व श्रीमती उत्तरा साहू (मसाला इकाई) को कार्यकारिणी सदस्य का पदभार प्रदान किया गया।

जनपद सदस्य रुपेश चंद्रवंशी के कृषि सभापति बनने से कार्यकर्ताओं में हर्ष

कवर्धा, 3 अप्रैल। जनपद सदस्य रुपेश चंद्रवंशी के सभापति बनने की खबर मिलते ही जनपद और जिले में बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर फैल गई । कृषि विभाग की बड़ी जिम्मेदारी मिली है । प्राथमिकता के सवाल पर सभापति रुपेश चंद्रवंशी ने कहा की किसानों के हितों पर हमेशा ध्यान दिया जाएगा ।

अवैध कार वॉशिंग सेंटर चला रहे दुकानदारों के काटे गए नल कनेक्शन

भिलाई, 3 अप्रैल। नगर निगम भिलाई के नेशनल हाईवे से लगा हुआ संजय नगर तालाब के पास अवैध रूप से 10 कार वॉशिंग सेंटर चलाया जा रहा था। जिसके कारण वहां पर ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा था, आए दिन दुर्घटना हो रही थी, सड़क जाम हो रहा था। स्थानीय निवासियों की शिकायतें थीं कि संजय नगर क्षेत्र में पीने की पानी की समस्या गर्मी के दिनों में हो जाता है और एक तरफ 10 से अधिक कार वॉशिंग सेंटर रोड के ऊपर अवैध रूप से पुराने सर्विस रोड के उपर पीने के पानी का दुरूपयोग करके चलाया जा रहा हैं। नगर निगम भिलाई जोन 01 के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर निगम दल के साथ जाकर स्वयं जांच किए। पता चला कि अवैध कार वाशिंग सेंटर चलाने वाले वहां पर टंकी बना लिए हैं और नगर निगम के सप्लाई वाटर के पाईप लाईन से अवैध कनेक्शन खींच करके टंकी में भरते थे उसी से गाड़ियों की धुलाई करते थे। औसतन प्रत्येक दिन वहां पर 100 से अधिक गाड़ियों की धुलाई की जा रही थी। 40 वर्षों से अधिक निवासरत मोहनलाल गुप्ता एवं अन्य निवासियों ने बताया कि हम लोग परेशान हो गए थे एक तरफ पीने की पानी की समस्या दूसरे तरफ यह लोग पीने के पानी से गाड़ी की धुलाई कर रहे थे। निगम का तोड़फोड़ दस्ता जाकर अवैध नल कनेक्शन का विछेदन किया, इसके साथ ही घुलाई वाली मशीन को जप्ती बनाया गया। पूर्व में अधिक बारिश हो जाने से नाले के उपर अधिक जल भराव हो जाने के कारण सुपेला घड़ी चैंक के पास दुर्घटना हो गई थी। नाला चैड़ीकरण का मांग किया जा रहा था। बढ़ते जनसंख्या के दबाव के कारण पूर्व में निर्मित नाले की चैड़ाई कम थी अब उसे कर्मा चैंक से टाटा मोटर्स कोसा नगर तक चौड़ीकरण करते हुए बढ़ाया जा रहा है। सर्विस रोड एवं निर्माणाधीन नाले के उपर स्लैब डालकर अवैध रूप से कार वासिंग का कार्य किया जा रहा था, सभी कचरों को नाले में डाला जा रहा था। सफाई के लिए नाले के उपर का कब्जा हटाना आवश्यक था। इसी तारतम्य में नगर निगम भिलाई का तोड़फोड़ दस्ता द्वारा दुकानो के सामने से कुछ स्लैब को हटा दिया गया है। जिससे नाले की सफाई हो सके, आने जाने के रास्ते के लिए नाली के उपर के स्लैब को बीच-बीच में छोड़ दिया गया है। पूर्व में सभी अवैध कब्जाधारियों को कब्जा हटाने के लिए जोन कार्यालय से नोटिस भी दिया गया था। जिससे नाले का निर्माण ठीक ढंग से हो सके। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिकों से अपील किया जाता है कि टाटा मोटर्स के बीच में पूर्व के बने नाले के ऊपर अवैध कब्जे को स्वयं से हटा लेवें। निगम के द्वारा कार्यवाही करने पर अधिक नुकसान हो सकता है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा। कार्यवाही के दौरान सहायक अभियंता बंसत साहू, जोन राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, राजस्व निरीक्षक शंशाक शेखर, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, अनिल, राजेश गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, मंगल कुर्रे, विष्णु सोनी आदि उपस्थित रहे।

मोर संगवारी सेवा से घर बैठे मोबाइल नंबर कराएं अपडेट

भिलाई, 3 अप्रैल। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन की मोर संगवारी सेवा योजना संचालित की जा रही है। मोर संगवारी सेवा योजना से 27 विभिन्न प्रकार की सेवाओं जैसे- जन्म-मृत्यु, विवाह, आय, जाति, निवासी, राशन कार्ड, दुकान स्थापना, पेन कार्ड, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार एवं मोबाइल नंबर अपडेट कराने जैसे सुविधाओं का लाभ घर बैठे लिया जा सकता है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर, अपाइमेंट बुक कराया जा सकता है। संगवारी सेवा के एजेंट आपके घर आकर आवश्यक दस्तावेज लेगें व प्रमाण पत्र बनाने के उपरांत घर में ही लाकर देगें। उक्त सुविधा सप्ताह के सभी दिवस प्रातः 8 बसे से शाम 8 बजे तक चालू रहेगी। वर्तमान में नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा कुल 37681 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभ पहुंचाया गया है।

एक नजर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह डोंगरगढ़ प्रवास पर

राजनांदगांव 03 अप्रैल। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 3 अप्रैल 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से सुबह 11 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6.15 बजे न्यू गेस्ट हाऊस डोंगरगढ़ पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। वे शाम 6.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक माँ बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

राजनांदगांव 03 अप्रैल। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा अध्यक्ष है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपाध्यक्ष है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित जिले के सत्कार अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य तथा उप संचालक समाज कल्याण को सदस्य सचिव बनाया गया है।

आरटीई के तहत पंजीयन 8 अप्रैल तक

राजनांदगांव 03 अप्रैल। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2025-26 के लिए छात्र पंजीयन के आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 से बढ़ाकर 8 अप्रैल 2025 तक कर दी गई है। वर्तमान में राजनांदगांव जिला अंतर्गत आरटीई के तहत कुल निजी स्कूल 175 संचालित हैं। इन स्कूलों में से 166 निजी स्कूल द्वारा प्रोफाइल अपडेट की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है, प्रोफाइल अपडेट निजी स्कूलों में कुल 1889 आरटीई सीट आरक्षित है। जिले के पात्र बच्चे जो निजी विद्यालय में आरटीई पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025-26 हेतु कक्षा नर्सरी, केजी-1 एवं कक्षा पहली में प्रवेश के इच्छुक है, ऑनलाईन पंजीयन नहीं करा सके हैं। उनके लिए ऑनलाईन पंजीयन हेतु पोर्टल की समय-सीमा बढ़ाकर 8 अप्रैल 2025 तक कर दिया गया है। निर्धारित तिथि तक आरटीई पोर्टल के माध्यम से कक्षा नर्सरी, केजी-1 एवं कक्षा पहली में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं।

शासकीय श्रृंगी ऋषि विद्यालय नगरी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

नगरी। पीएमश्री शास.श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए 31 मार्च 2025 की स्थिति में

कक्षा पहली के लिए 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह तक की आयु सीमा निर्धारित की गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन के तहत दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 5 मई 2025 तक कर सकते हैं। एवं ऑनलाइन आवेदन की पावती हाफ लाइन आवेदन फार्म के साथ उपरोक्त समय अवधी में संस्था में जमा करना अनिवार्य होगा जिससे सत्यापन किया जा सके बीपीएल कार्ड धारक आवेदकों के लिए ऑनलाइन फार्म के साथ राशन कार्ड की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा, चयन लाटरी पद्धति से दिनांक 9 मई 2025 दिन शुक्रवार को पलकों की उपस्थिति में शाला में संपन्न किया जाएगा।

कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित जोन-2 के 24 कर्मचारियों का 1 दिन का कटेगा वेतन

रायपुर, 03 अप्रैल। आज नगर निगम आयुक्त श्री विष्वदीप के आदेषानुसार जोन 2 कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे ने सुबह 10 बजे जोन कार्यालय का औचित्य निरीक्षण किया। जोन कार्यालय में समय पर कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये, जबकि उनका फील्ड में कोई कार्य नहीं रहता। समय पर उपस्थित होने के लिए पूर्व में सख्त निर्देश जारी करने के बावजूद कर्मचारियों का आदेश की अवहेलना करना प्रथम दृष्टि में अनुशासनहीनता होकर दण्डनीय है, जिसके लिए समय पर अनुपस्थित मिले जोन 2 के 24 कर्मचारी जिसमें से सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती स्वाती शुक्ला, सहायक ग्रेड 01 अखिलेश भगत, लेखापाल श्रीमती लवली पाण्डेय, रिकार्ड कीपर श्रीमती रोमा तिवारी, राजस्व उप निरीक्षक श्रीमती अनिता गुप्ता, अब्दुल सत्तार, तपेश कश्यप, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र गेंडरे, सहायक राजस्व निरीक्षक फैजान अंसारी, श्याम लहरी, शिवशंकर शर्मा, विद्युतकार (प्लेसमेंट) महेश निषाद, संजय यादव, राजेश बागड़े, हेल्पर (प्लेसमेंट) कर्मचारी ओमप्रकाश साहू, योगेश साहू, शैलेश टंडन का 1 दिन की वेतन कटौती करने आदेष जारी किये गये है।

महाराजबंध तालाब से अभियान चलाकर 15 डम्पर जलकुम्भी बाहर निकाली गई

रायपुर, 03 अप्रैल। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मती मीनल चैबे के आदेशानुसार और आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के मार्ग निर्देशन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में नगर निगम जोन क्रमांक 6 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 नाविकों की विशेष टीम के सहयोग से जोन 6 क्षेत्र के अंतर्गत महाराजबंध तालाब को जलकुम्भी से मुक्त करवाने अभियान चलाकर विगत 3 दिन अभियान के तहत महाराजबंध तालाब से लगभग 15 डम्पर जलकुम्भी बाहर निकाली जाकर उसको तत्काल डम्पर और श्री डी मशीन की सहायता से उठवाया जा चुका है। तालाब से जलकुम्भी को बांस की सहायता से बाहर निकलने का अभियान जारी है.

माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल

- दूर-दराज क्षेत्रों से दर्शनार्थी बड़ी संख्या में माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे
- जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए की है चाक-चौबंद व्यवस्था

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 03 अप्रैल। चैत्र नवरात्रि में माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए गए हैं और पैदल यात्रियों की सेवा की जा रही है। दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दशनार्थी माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को कानून व्यवस्था, सुरक्षा तथा पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदयात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से मार्गों के मरम्मत, बैरेकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, साईन बोर्ड के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त दवाईयों की उपलब्धता के लिए विशेष तौर पर कहा। भ्रमण के दौरान आकस्मिक स्थिति की जानकारी मिलने पर कंट्रोल रूम में फोन पर सूचना देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मेला अवधि में सुचारू एवं निर्बाध विद्युत व्यवस्था का नियंत्रण एवं संचालन होना चाहिए। साथ ही पेयजल की सतत आपूर्ति होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पैदल यात्रियों के लिए दवाई, मलहम पट्टी की व्यवस्था के निर्देश दिए है। माँ बम्लेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए की गई सुविधाओं, व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला प्रशासन एवं स्वयं सेवा भावी संस्थाओं द्वारा पैदल यात्रियों के लिए सेवा पंडाल लगाए गए हैं। भक्तगणों की सुविधा के लिए रोपवे सहित सेवा पंडालों में पेयजल, भोजन, नाश्ते की व्यवस्था की गई है, वहीं ग्राम पंचायतों द्वारा पैदल यात्रियों के रूकने, आराम करने तथा पंखे, कूलर और पानी की व्यवस्था की गई है।

डोंगरगढ़ जा रहे सरोना रायपुर के श्री गणेश बाघ ने बताया कि वे विगत 15-16 वर्षों से माता के दर्शन के लिए पैदल यात्रा कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले शेर बनकर आया था, इस वर्ष बजरंगबली बनकर आया हूं। उन्होंने जिला प्रशासन व सेवा पंडाल में की गई, विश्राम और भोजन की व्यवस्था की प्रशंसा की। सेवा पंडालों में जय माता दी सेवा पंडाल मुसरा में फल, बुंदी, सेव, जलेबी पोहा फल, फलाहार नाश्ते में तथा भोजन की अच्छी व्यवस्था थी। पंचमी तक 24 घंटे यहां पैदल यात्रियों को सेवा भाव के साथ खाना खिलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओआरएस घोल, मूव, पैरासीटामाल, मलहम पट्टी एवं अन्य दवाईयों की व्यवस्था थी। दूर से आते-जाते श्रद्धालुओं के पैर में छाले पड़ गए हैं। उनकी मलहम पट्टी की जा रही है।

समाचार संक्षेप

कृष्णा विकास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में परीक्षण, निर्माण और मानकीकरण पर सेमिनार आयोजित

रायपुर, 03 अप्रैल। विकाश ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स ने हाल ही में परीक्षण निर्माण और मानकीकरण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया, जिसमें केडीआरसीएसटी की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल मुख्य वक्ता रहीं। इस सेमिनार का उद्देश्य विभिन्न शोध पद्धतियों और मानकीकृत परीक्षण तथा प्रश्नावली विकसित करने की प्रक्रिया को समझाना था।

डॉ. सीमा अग्रवाल ने एक व्यापक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने विभिन्न शोध रूपों की मूलभूत जानकारी दी और परीक्षण तथा प्रश्नावली निर्माण की संरचित प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने परीक्षण योजना, प्रारंभिक परीक्षण और परीक्षण निर्माण से जुड़ी चुनौतियों जैसे अर्थहीनता, अस्पष्टता और अपर्याप्तता पर चर्चा की। साथ ही, उन्होंने परीक्षण की विश्वसनीयता (रिलायबिलिटी) के महत्व को भी रेखांकित किया, जिससे मूल्यांकन की सटीकता और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डी. एन. देवांगन, आरएंडडी डीन डॉ. मनीषा अग्रवाल और विभिन्न संकाय सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने सेमिनार में सक्रिय रूप से भाग लिया और परीक्षण मानकीकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। यह सेमिनार सभी प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध अनुभव साबित हुआ, जिससे उन्हें विश्वसनीय और वैध मूल्यांकन उपकरणों के निर्माण की जटिलताओं को समझने में मदद मिली। सत्र के अंत में एक इंटरएक्टिव चर्चा आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने डॉ. अग्रवाल से अपने प्रश्न पूछे और इस विषय पर अपनी समझ को और अधिक गहरा किया।

सप्ताह में एक दिन सिर्री में लगेगा तहसीलदार कोर्ट

- उप तहसील में शुरू होगा कामकाज, नायब तहसीलदार बैठेंगे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 03 अप्रैल। कुरूद अनुभाग के सिर्री में मंजूर हुए उप तहसील कार्यालय में अब हर सप्ताह गुरूवार को तहसीलदार कोर्ट लगेगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने दैनिक समाचार पत्रों में इस संबंध में छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए कुरूद एसडीएम को जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। सिर्री के समरसता भवन में अब हर गुरूवार को नायब तहसीलदार श्री दुर्गेश कंवर शासकीय कामकाज संचालित करेंगे। सिर्री के उप तहसील कार्यालय को नियमित रूप से संचालित करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं। पहले चरण में सप्ताह में एक दिन नायब तहसीलदार को सिर्री में कार्यालय लगाकर स्थानीय निवासियों के राजस्व संबंधी कामों को करने और राजस्व मामलों को निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। सिर्री में हर गुरूवार को लगने वाले बाजार के दिन यह व्यवस्था की जा रही है। इस व्यवस्था से सिर्री सहित आसपास के क्षेत्रों से अपने दैनिक जरूरत की चीजें खरीदने बाजार आने वाले लोगों को राजस्व संबंधी मामलों के निराकरण में खासी सुविधा हो जाएगी। हर गुरूवार को सिर्री के समरसता भवन में ही यह कार्यालय संचालित होगा। कुरूद के एसडीएम श्री नभ सिंह कोसले ने बताया कि सिर्री में उप तहसील को मंजूरी मिलने के बाद स्टॉप की कमी और अन्य प्रशासनिक कारणों से कार्यालय का नियमित संचालन नहीं हो पा रहा है। परन्तु कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अब हर गुरूवार को सिर्री में तहसीलदार का कोर्ट-कार्यालय लगेगा। एसडीएम ने बताया कि इसके लिए जरूरी तैयारियां, वर्तमान समरसता भवन की साफ-सफाई से लेकर कार्यालय के अनुरूप बैठने की व्यवस्था आदि का इंतजाम किया जा रहा है।

पीएम आवास योजना के घरों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- माटीकला प्रशिक्षण केन्द्र में सुविधायें विकसित करने के दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 03 अप्रैल। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज अपने कुरूद प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत् बन रहे घरों का अवलोकन किया और इसकी मैदानी हकीकत जानी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत किए जा रहे सर्वे की प्रगति, योजना के तहत पात्र-अपात्र हितग्राहियों की संख्या और अब तक बन चुके आवास तथा उनके भुगतान आदि की जानकारी उपस्थित अधिकारियों से ली। इस दौरान कलेक्टर ने गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी की उपलब्धता, पेयजल की नियमित आपूर्ति, बोर की संख्या सहित जल स्त्रोत की उपलब्धता आदि के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास

योजना ग्रामीण की हितग्राही ग्राम उमरदा की श्रीमती निर्मला बाई के घर भी पहुंचे और घर निर्माण की गुणवत्ता देखी। श्रीमती निर्मला बाई ने कलेक्टर को बताया कि वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उसका घर स्वीकृत हुआ है। योजना अंतर्गत 2 किश्तों का भुगतान उसे प्राप्त हो गया है, जिसकी मदद से उन्होंने अपने मकान को छत लेबल तक पूरा कर लिया है। श्रीमती निर्मला ने बताया कि घर पूरा करने के लिए अंतिम किश्त अभी मिलनी बाकी है, किश्त मिलते ही छत ढलाई का भी काम पूरा हो जायेगा। कलेक्टर ने उक्त कार्य को शीघ्र पूरा करने कहा।

कुरूद नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- कुरूद में शुरू होंगे लॉ, नर्सिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेज
- मिनी लायब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 03 अप्रैल। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज सुबह से ही कुरूद नगर पंचायत पहुंचकर वहां चल रहे विकास कार्यों और अन्य सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर सबसे पहले जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव के साथ स्वर्गीय डॉ.खेतराम चन्द्राकर स्मृति पुस्तकालय (मिनी लायब्रेरी) पहुंचे। सुबह-सुबह जिले के दो आईएएस अधिकारियों को अपने बीच पाकर लायब्रेरी में पढ़ रहे विद्यार्थियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनकी पढ़ाई तथा परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। दोनों अधिकारियों ने मौजूद विद्यार्थियों से लायब्रेरी में सुविधाएं बढ़ाने और दूसरी समस्याओं के बारे में भी पूछा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों की मांग पर लायब्रेरी में पीएससी, एसएससी, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल आदि संस्थाओं की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उच्च गुणवत्ता का स्टडी मटेरियल और किताबें आदि उपलब्ध कराने के निर्देश नगर पंचायत के सीएमओ को दिए।

आयुक्त ने टेंचिंग ग्राउंड पहुंच कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लाने के दिये निर्देश

- निगम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर कर्मचारियों से समय पर उपस्थिति होने कहा

राजनांदगांव, 03 अप्रैल। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा कचरा निपटान का जायजा लेने आज सुबह नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुँचे और सभी मशीने दुरूस्त रख शीघ्रता से कचरा निपटान करने के निर्देश मिशन क्लीन सिटी प्रभारी को दिये। साथ ही निगम कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर समय पर उपस्थित होने कर्मचारियों को निर्देशित किये। टेंचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान करने की विभिन्न प्रक्रियाओं का आज आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जायजा लेकर सभी मशीने दुरूस्त कर, एसएलआरएम सेन्टरों के अलावा घर से ही कचरा पृथक कराकर ले तथा टेंचिंग ग्राउण्ड मे लाकर कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लाने कहा। उन्होंने टेंचिंग ग्राउण्ड के एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर रजिस्टर की जॉच किये और प्रतिदिन आने वाले गीला

कचरा सुखा कचरा की मात्रा की जानकारी लेकर एसएलआरएम सेन्टरों में ही कचरा पृथककरण कर निपटान करने के निर्देश सुपरवाईजर को दिये और कहा कि सडको, नालियों, मुक्कडों से निकलने वाले कचरा ही टेंचिंग ग्राउण्ड में लावे। उन्होंने खाद बनाने की प्रक्रिया देख गीला कचरा से अधिक से अधिक खाद बनाने के निर्देश दिये। इसी कडी में आयुक्त के द्वारा नवागांव में सफाई देख निर्धारित समय तक सफाई करने कहा तथा पार्षद राजा तिवारी के द्वारा शीतला मंदिर के पास नाली का पानी तालाब में जाने की शिकायत पर दूसरी ओर नाली बनाने स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किये।

कर्मा माता जंयती: कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव

छुरिया, 03 अप्रैल। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ग्राम भंडारपुर में आयोजित कर्मा जंयती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। सर्वप्रथम कर्मा मां की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। श्रीमती किरण वैष्णव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां कर्मादेवी भगवान की महान भक्त थीं, इसलिए श्रीकृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। तब माता ने अपने सामने बैठकर भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। कर्मा मां केवल साहु समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण सामाज के लिए आदर्श है। कर्मा माता केवल साहू समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए आदर्श हैं। उनका जीवन परिश्रम, सत्य और सेवा के मार्ग को दर्शाता है। कार्यक्रम को जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज की आराध्य देवी कर्मादेवी सेवा, त्याग और भक्ति समर्पण की देवी हैं।

नीलमणी साहू ने किया 45 वीं बार रक्तदान

राजनांदगांव, 03 अप्रैल। नगर निगम वार्ड क्रमांक 1 में साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा जयंती समारोह में जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने रक्तदान कर मरीजों की जान बचाने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ज्ञात हो कि श्री साहू ने अपने जीवन में 45वीं बार रक्तदान किया है। श्री साहू का कहना है रक्तदान करने से जरूरतमंद मरीजो की जान बचाई जा सकती है और जो लोग रक्तदान से घबराते हैं उन्हें अपना हौसला मजबूत करते हुए रक्तदान के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्रशिक्षण में ही पता चल जाता है। कि वह रक्तदान करने की योग्य है या नहीं यदि है तो अवश्य दान करना चाहिए।

घोरदा में कर्मा जयंती मनाई गई

- अपनी संस्कृति व संस्कार को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारीः साहू

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगाव, 03 अप्रैल। विकास खंड के ग्राम घोरदा मे भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां मुख्य अतिथी के रूप सम्मलित जिला साहू संघ राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री व तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संरक्षक अमरनाथ साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की रीति नीति, संस्कृति व संस्कार को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, भावी पीढी को इससे अवगत करा कर एक सभ्य व सुसंस्कारिक समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम अध्यक्ष तहसील साहू संघ डोंगरगांव के अध्यक्ष हेमंत साहू ने समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरूतियो को दूर करने का आव्हान किया। कार्यक्रम को विशेष अतिथी संरक्षक चेतन दास साहू व चुनेश्वर साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष ने भी संबोधित करते हुए मां कर्मा के जीवन गाथा का बखान किया।

इसके पूर्व ग्राम मे बाजे गाजे के साथ विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई, तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर सामूहिक पूजा आरती की गई तथा सामाजिक ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम मे प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम मे हिरदे साहू, खरगेश साहू, उमा साहू, दीना साहू, तीरथ साहू, छबिलाल साहू, बसंत साहू, यादराम साहू, लिखन साहू, भूषण साहू, सूर्यकांत साहू, राकेश साहू सहित नवनिर्वाचित पंचगण, व सामाजिकजन सम्मिलित हुए।

आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन और पौधरोपण बहुत जरूरी: कलेक्टर

- इंजेक्शनवेल रिचार्ज सिस्टम तैयार करने औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने जताई सहमति

राजनांदगांव 03 अप्रैल। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण और संवर्धन के संबंध में औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, उसे कैसे ठीक करना है उस पर विचार करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उद्योग बिना पानी के नहीं चल सकता है। पानी की समस्या आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत बड़ी समस्या हो सकती है। इसके लिए जल संरक्षण एवं संवर्धन और वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है। जिससे भूमिगत जल वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को रोकना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही इस पानी को इंजेक्शन वेल के माध्यम से वाटर सोर्स फैक्चर जोन तक पहुचॉना होगा, जिससे सीधे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम में एक वाटर सोर्स फैक्चर जोन की पहचान कर ली गई है।

जिसमें आसानी से इंजेक्शन वेल का निर्माण किया जा सके। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले प्रत्येक गांव में कम से कम एक इंजेक्शन वेल रिचार्ज सिस्टम बनाना होगा। सभी ग्रामों में इंजेक्शन वेल रिचार्ज सिस्टम बनाने के लिए मिनी बोर मशीन की आवश्यकता है। जिसे आसानी से ले जाया जा सके। यह कार्य सभी की सहभागिता से संभव हो सकता है। इसके लिए औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने मिनी बोर मशीन खरीदने पर सहमति जताई।

- मोहारा फिल्टर प्लांट का जायजा लेकर एलम एवं अन्य सामग्री का पर्याप्त भण्डारण रखने को कहा

गाड़ियां एवं टैंकरों की स्थिति देख समय पर गाड़ियां निकालने के दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 03 अप्रैल। ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव वार्ड सहित मोहारा नदी, फिल्टर प्लांट एवं टाका घर का समय समय पर जायजा लेकर वस्तु स्थिति के अवगत हो दिशा निर्देश दे रहे है। आज सुबह उनके द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट का आकास्मिक निरीक्षण कर क्लोरिंन की मात्रा,एलम की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही उन्होंने टाका घर पहुँच पानी टैंकर एवं गाडियों की स्थिति देख समय पर गाडिया निकलने तथा टैंकर पहुँचाने प्रभारी को निर्देशित किये।

उनके द्वारा कल जल विभाग की बैठक लेकर भी व्यवस्था की जानकारी ली गयी थी। महापौर यादव सुचारू पेयजल सप्लाई के लिये शपथ ग्रहण करने के पश्चात से ही स्वयं मानिटरिंग कर रहे है। पहले ही दिन उन्होंने एनिकट के पास से सिल्ट हटाने चेन माउण्टेन एवं अमला लगाकर साफ करने के निर्देश दिये थे। वही लगातार मोहारा नदी तथा प्लांट का निरीक्षण कर जल विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे है। कल उन्होने जल विभाग की समीक्षा कर अधिकारियों से जानकारी ले दिशा निर्देश दिये और आज उन्होंने मोहारा प्लांट पहुँच पंप की स्थिति और एलम, ब्लीचिंग तथा अन्य समाग्री की उपलब्धता जानकारी ली। उप अभियंता श्री युवराज कोमरे ने जानकारी दी कि 27 एमएलडी प्लांट में रॉ वाटर के लिये एक व क्लीयर वाटर के लिये दो नग नया मशीन मंगाया गया है, जो इसी माह में लग जायेगा। इसके अलावा एलम की आज ही गाडी आई है, अन्य समाग्री पर्याप्त मात्रा में है। महापौर ने कहा कि सभी मोटर दुरूस्त रखे तथा समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे, इसके अलावा टंकी पूरी भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करें। निरीक्षण की कडी में महापौर श्री यादव टाका घर पहुँच जल एवं मोटर विभाग का जायजा लेकर टैंकर एवं गाडियों की स्थिति देखी।

संपादकीय

जनता जब तक चाहेगी मोदी पीएम रहेंगे

किसी भी देश में कोई नेता पद पर तब तक ही बना रह सकता है, जब तक जनता चाहती है कि वह उस पद पर बना रहे। यदि जनता को लगता है कि यह नेता देश के विकास व सुरक्षा के लिए जरूरी है तो जनता उस नेता का समर्थन करती है और उसे इतनी ताकत भी देती है कि वह पद पर बना रह सकता है। लोकतंत्र में जनता जिसके साथ रहती है, वही नेता सबसे शक्तिशाली होता है क्योंकि वही नेता खुद चुनाव जीत सकता है और अपनी पार्टी को भी जिता सकता है। पीएम मोदी स्वस्थ है, चुनाव जिता रहै है इसका मतलब है कि जनता उनको चाहती है कि वह पद पर रहे इसलिए वह तीसरी बार चुनाव पर पीएम के पद पर बने हुए हैं। किसी भी राजनीतिक दल को तो ऐसे ही नेता की जरूरत होती है जो खुद भी चुनाव जीते और दल को भी चुनाव जिताए। पीएम मोदी भाजपा के ऐसे ही नेता है जो खुद तो चुनाव जीतते हैं और अपनी पार्टी को भी चुनाव जिताते हैं। इसलिए भाजपा और आरएसएस में तो कोई नहीं चाहता है कि पंद्रह साल बाद मोदी को रिटायर हो जाना चाहिए। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडनवीस ने इसी वजह से पीएम मोदी के उत्ताराधिकार के बारे में जारी अटकलों को खारिज कर दिया है और कहा है कि मोदी अभी कई बर्षों तक देश का नेतृत्व करते रहेंगे। मोदी के रिटायर की अटकले इसलिए शुरू हो गई थी कि शिवसेना(उबाटा) के संजय राउत ने यह दावा किया था कि पीएम मोदी रविवार को नागपुर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को यह संदेश देने गए थे कि वह रिटायर हो रहे हैं। देवेंद्र फडणवीस ने राउत के इस दावे के विपरीत यह कहा है कि अगले लोकसभा चुनाव के बाद हम मोदी को पीएम के रूप में देखेंगे। सीएम फडणवीस ने यह भी कहा है कि अभी पीएम मोदी हैं, इसलिए उनके उत्तराधिकारी की चर्चा और तलाश की कोई जरूरत नहीं हैं। किसी नेता के राजनीति में सक्रिय रहते हुए उसके उत्तराधिकारी पर चर्चा करना भारतीय संस्कृति में उचित नहीं है। आरएसएस मुख्यालय में पीएम मोदी के दौरे पर आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने भी कहा है कि उन्हें पीएम मोदी के रिटायर होने संबंधी कोई जानकारी नहीं है। पीएम मोदी के रिटायर होने की चर्चा, उनके उत्तराधिकारी की चर्चा भाजपा व आरएसएस में नहीं है क्योंकि दोनों संस्थान जैसा मोदी के चाहते हैं, वह उससे बेहतर करके दिखा रहे हैं। भाजपा चुनाव में जीत चाहती है और पीएम मोदी ज्यादातर राज्यों के चुनाव सहित लोकसभा चुनाव में तीसरी बार जिता चुके हैं। भाजपा में नेता तो कई हुए लेकिन किसी नेता में ऐसी क्षमता नहीं थी कि वह भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव में जिता दे। वह सब काम करके दिखा दे जिसका सपना भाजपा नेता अपने स्थापना के पहले दिन से देख रहे थे। आरएसएस चाहता था कि हिंदु समाज जागे और एकजुट हो, यह काम भी पीएम मोदी ने करके दिखा दिया है। 2014 के पहले इस देश में आरएसएस और उसके संगठनों से जुड़े नेता लोगों से कहते थे कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं लेकिन कोई न कहता था न होने हिंदू में गर्व महसूस करता था। पीएम मोदी ने अपने दस साल में हिंदू समाज को एकजुट करने के साथ जगाया भी है और अपने हिंदू होने व विरासत पर गर्व करने का जज्बा भी पैदा किया है। देश में वही अयोध्या, वही काशी व वही मथुरा थे लेकिन कम लोग वहां जाते थे, पीए मोदी के दस साल में अयोध्या ,मथुरा व काशी हिंदुओं के सबसे बड़े तीर्थस्थल बन गए हैं तो इसका श्रेय भी पीएम मोदी को जाता है। देश में कुंभ तो पहले भी लगते थे लेकिन मोदी के समय प्रयागराज में लगा महाकुंभ ऐतिहासिक रहा है इस बार के महाकुंभ में हिदू समाज की एकजुटता देखने को मिली। अपनी परंपरा, सनातन से जुड़ने की ललक दिखी तो इसके पीछे भी दस साल की मोदी का मेहनत रही है। उन्होंने हिदुओं को जागरुक किया है और हिदू होने पर गर्व महसूस करने को कहा और आज देश के करोड़ो हिंदू खुद को हिंदू होने पर गर्व महसूस करते हैं,देश ही विदेश में रहने वाले हिंदू आज खुद को भारत से जोड़ते हैं और हिंदू होने में गर्व महसूस करते हैं। भाजपा के दूसरे नेताओं की तुलना में पीएम मोदी इस मायने में अलग हैं कि वह हिदुओं का सबसे लोकप्रिय नेता होने के साथ ही पूरे देश के भी लोकप्रिय नेता हैं, उनका यह सबका साथ, सबका विकास इसीलिए लोकप्रिय हुआ है कि लोगों को यह लगता भी है कि मोदी सबको साथ लेकर विकास कर रहे है और विकास का लाभ देश के बहुसंख्यक समाज सहित सभी समाज के लोगों को मिल रहा है।पीएम मोदी ने राजनीतिक , सामाजिक,आर्थिक, धार्मिक क्षेत्र में ऐसे ऐसे काम किए हैं, जो पहले संभव नही माने जाते थे, उन्होंने देश की राननीति बदल दी, समाज के पिछड़े वर्ग को देश की राजनीति में बड़ी ताकत के रुप में स्थापित किया। आर्थिक क्षेत्र मे दस साल के भीतर भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने में सफल रहे। थार्मिक क्षेत्र में कई तीर्थस्थलों को नया स्वरूप देकर उनको प्रदेश व क्षेत्र के विकास का अहम माध्यम बना दिया है। इससे तीर्थ स्थानों में जाने वालों की संख्या बढ़ी है और प्रदेश की अर्थव्वस्था में धार्मिक पर्यटन का महत्व बढ़ा है। पीएम मोदी ऐसे नेता हैं जो अपने काम के कारण जनता में लोकप्रिय है, जनता को लगता है कि मोदी है तो देश तेजी से तरक्की कर रहा है,देश का सम्मान विश्व में बढ़ रहा है, मोदी हैं तो देश सुरक्षित है। देश के विकास का लाभ निचले स्तर तक पहुंच रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि देश व विश्व के बड़े से बड़े नेता की लोकप्रियता दस साल बाद कम हो जाती है लेकिन पीएम मोदी की लोकप्रियता कम नहीं हुई हैं। वह आज भी विश्व व देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। भाजपा व आरएसएस चाहते हैं कि वह अभी पद पर बने रहें, अगला चुनाव भी उनके नेतृत्व में लड़ा जाए और चौथी बार भाजपा की सरकार बना कर नया रिकार्ड बनाया जाए। ऐसा रिकार्ड बनाया जाए कि जिसे कोई तोड़ नहीं सके। मोदी विरोधी इसी बात से परेशान हैं कि मोदी की लोकप्रियता कम नहीं हो रही है, वह चुनाव हार नहीं रहे हैं राहुल गांधी सहित कोई नेता खुद को उनका विकल्प साबित नहीं कर पा रहा है। विपक्ष मिलकर मोदी को हरा नहीं पा रह है तो मोदी विरोधी नेता हो उनके मीडिया वाले वह मौका मिलता है तो अफवाह उड़ाते रहते हैं कि आरएसएस व मोदी के बीच तनाव है, आरएसएस नहीं चाहता है कि मोदी चौथी बार पीएम बने। पीएम मोदी 75 साल के हो गए हैं अब उनको रिटायर हो जाना चाहिए। वह मोदी का नियम याद दिलाते हैं कि भाजपा में नेता के रिटायर होने की उम्र 75 साल है, इसलिए मोदी को खुद ही रिटायर हो जाना चाहिए। कभी वह शाह को, कभी योगी को, कभी गड़करी को, अब तो देवेंद्र फडणवीस को भी मोदी का उत्तराधिकारी बताया जाने लगा है। मोदी देश के तमाम अपने समय के नेताओं से शारीरिक,मानसिक रूप से ज्यादा फिट हैं, पार्टी वाले भी यह जानते हैं, आरएसएस भी जानता है, जनता भी जानती है, इसलिए सब चाहते हैं कि पीएम मोदी 29 के बाद पीएम बने रहे तो ऐसा ही होगा, ऐसी उम्मीद की जा सकती है।

विश्लेषण

वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ भ्रामक जानकारी फैलाने के अभियान का पर्दाफाश

✍ हर्षरंजन

कुछ राजनीतिक संस्थाओं और मुस्लिम समुदाय के भीतर निहित स्वार्थी समूहों द्वारा जानबूझकर अशांति का वातावरण बनाने के लिए भ्रामक जानकारी फैलाने के कारण, वक्फ संशोधन विधेयक 2024 विवाद का विषय बन गया है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और वक्फ संपत्तियों के शासन को सुव्य वस्थित करने के उद्देश्य से बनाए गए इस विधेयक को इन समूहों द्वारा इतना अधिक विकृत किया गया है कि इसकी मूल पहचान ही बदल गयी है। ये निहित स्वार्थ से भरे समूह समुदाय के कल्याण की तुलना में अपने स्वयं के विशेषाधिकारों की रक्षा करने को लेकर अधिक चिंतित हैं।

संशोधन के पीछे का सच: इस विधेयक का विरोध मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो लंबे समय से वक्फ संस्थानों में पारदर्शिता की कमी से लाभान्वित हुए हैं। ऐतिहासिक रूप से, कुछ समूहों ने वक्फ संपत्तियों पर महत्वपूर्ण नियंत्रण बनाए रखा है और उनकी पहचान सर्वविदित है। उनका विरोध धार्मिक अधिकारों से जुड़ी वास्तविक चिंताओं से नहीं, बल्कि वर्षों से कुप्रबंधित अकूत संपत्तियों और वित्तीय संसाधनों पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की इच्छा से प्रेरित है। यदि उनके इरादे वास्तव में समुदाय के कल्याण से जुड़े थे, तो क्या वे बता सकते हैं कि वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय में साल दर साल लगातार गिरावट क्यों आ रही है।

इसमें से सबसे बड़ी विकृतियों में से एक का दावा है कि यह विधेयक सरकार को वैध वक्फ संपत्तियों को जब्त करने में सक्षम बनाता है। वास्तव में, संशोधन केवल जिला कलेक्टर को गलत तरीके से वर्गीकृत संपत्तियों की समीक्षा करने का अधिकार देता है, खास कर ऐसे मामलों में जहां सरकारी या निजीभूमि को गलत तरीके से वक्फ की संपत्ति का नाम दिया गया है। यह उपाय सही स्वामित्व सुनिश्चित करता है और धोखाधड़ी के दावों से बचाता है, जिससे समुदाय और व्यापक सार्वजनिक हित दोनों को लाभ होगा। एक और व्यापक रूप से फैलाया गया मिथक यह है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण को समाप्त कर देता है। इसके विपरीत, यह जिला कलेक्टर को जिम्मेदारी सौंपकर प्रक्रिया को मजबूत करता है, जो स्थापित राजस्व प्रक्रियाओं का उपयोग करके सर्वेक्षण पूरा करेंगे, जिससे निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा अशुद्धियों और संभावित हेरफेर को समाप्त किया जा सकेगा।

विरोधियों के पाखंड को उजागर करना: इस विधेयक के सबसे मुखर आलोचक वे हैं, जो लंबे समय से वक्फ संपत्तियों के प्रमुख लाभार्थी रहे हैं। उनका विरोध इन संपत्तियों पर बने अपने वित्तीय साम्राज्यों की रक्षा करने से जुड़ा एक सुनियोजित कदम है। इन संगठनों ने ऐतिहासिक रूप से वक्फ संसाधनों पर एकाधिकार बनाए रखा है तथा वे समुदाय के वंचित वर्गों के लिए निर्धारित धनराशि का अपने स्वयं के एजेंडों के लिए उपयोग करते रहे हैं।

पाखंड बहुत बड़ा है! वे मुस्लिम समुदाय के हितों की वकालत करने का दावा करते हैं, जबकि उन्होंने दशकों से व्यक्तिगत लाभ के लिए वक्फबोर्डो में हेर फेर कियाहै। भारत में कई वक्फ बोर्ड इन समूहों से जुड़े व्यक्तियों द्वारा संचालित हैं, जोरा जनीतिक और वित्तीय लाभ के लिए इन निधियों का गलत इस्तेमाल करते रहे हैं। इस अनियंत्रित गलत इस्तेमाल को संशोधन समाप्त करना चाहता है, जिससे वे सुधार के सबसे मुखर विरोधी बन गये हैं।

वक्फ को सच्चे लाभार्थियों के लिए मजबूत करना : चुनिंदा समूहों के एकाधिकार को तोड़ने के अलावा, यह विधेयक सुन्नी, शिया, बोहरा, आगाखानी और पिछड़े मुस्लिम समुदायों सहित विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करके समावेशी भावना को बढ़ाता है, जिससे वक्फ संपत्तियों का निष्पक्ष और लोकतांत्रिक शासन सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम विशेषज्ञों को शामिल करने से मुस्लिम नियंत्रण को खतरा नहीं है, बल्कि इससे जवाब देही बढ़ती है और कुप्रबंधन को रोकने में बाहरी निगरानी की सुविधा प्राप्त होती है।

इस विधेयक में वित्तीय ऑडिट और पारदर्शी लेखा पद्धतियों को भी शामिल किया गया है, ताकि वक्फ कोष का दुरुपयोग रोका जा सके। समय-समय पर रिपोर्टिंग की आवश्यकताएँ और वक्फ न्यायाधिकरण के निर्णयों के विरुद्ध उच्च न्यायालयों में अपील करने की सुविधा कानूनी निगरानी को और मजबूत करेगी, जिससे वक्फ संपत्तियों द्वारा अपने इच्छित उद्देश्य पूरा करना, जरूरतमंदों को लाभ पहुँचाना और भारत की समृद्ध समन्वयकारी विरासत को संरक्षित करना सुनिश्चित होगा।

सुधार की आवश्यकता : उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाने की सरकार की पेशकश वक्फ संपत्ति के दावों में अस्पष्टता को समाप्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रावधान का दुरुपयोग बिना औपचारिक वक्फ समर्पण के भूमि पर अवैध रूप से दावा करने के लिए किया गया है, जिससे अंतहीन कानूनी विवाद और भूमि अतिक्रमण हुए हैं। पंजीकरण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, संशोधन निजी और सार्वजनिक दोनों प्रकार की भूमि को गलत दावों से बचाता है, यह सुनिश्चित करता है कि केवल कानूनी रूप से घोषित वक्फ संपत्तियों को ही मान्यता मिले।

आगे का रास्ता : वक्फ संशोधन विधेयक 2024 वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। इसके प्रावधान; वैध वक्फ संपत्तियों की रक्षा करने, शासन में सुधार करने और इन संसाधनों से लंबे समय से लाभ उठाने वाले निहित स्वार्थी तत्वों को खत्म करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

मुस्लिम समुदाय के लिए यह ज़रूरी है कि वे गलत सूचनाओं को समझें और पहचानें कि इस विधेयक का विरोध करने वाले लोग अपने फ़ायदे के लिए ऐसा कर रहे हैं, न कि व्यापक हित के लिए। इस सुधार का समर्थन करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके वास्तविक उद्देश्य-वंचितों का उत्थान और सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का संरक्षण के लिए किया जाए।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

राशिफल

मेष: आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आगमन हो सकता है। माता दुर्गा के आशीर्वाद से आपके रुके हुए काम सफल होंगे। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए आज आप नया प्लान बनायेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।

वृष: आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहने वाला है। आज आपके परिवार में नई खुशियाँ आएंगी। आज आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। अगर आँख से सम्बंधित समस्या है तो किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आज आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। मां दुर्गा को पान का पत्ता अर्पित करें, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

मिथुन: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वाइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। माता के आगे माथा टेके, कारोबार में बढ़ोतरी होगी।

कर्क: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए। आज आप नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। आज अपने व्यापार में बदलाव लायेंगे, इससे आपको अच्छा मुनाफा होगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कन्या के पैर छूकर आशीर्वाद लें, आपकी मेहनत रंग लायेगी।

सिंह: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज आपको बड़ों का सहयोग मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। बुजुर्गों की धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। लवमेट आज एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। स्कन्द माता को फूल अर्पित करें, मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कन्या: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस मैन की रुकी डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा। मां दुर्गा की उपासना करें, आपके आय में बढ़ोतरी होगी।

तुला: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

वृश्चिक: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी समझदारी से करनी चाहिए, सफलता के योग बने हुए हैं। माता-पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए है। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घर वालों से करेंगे। माता के सामने घी का दीपक जलाएं, मनपसंद जीवनसाथी मिलेगा।

धनु: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आज आपको सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। दुर्गा स्तोत्र का पाठ करें, स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

मकर: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप व्यापार के लिए मशीनरी उपकरण खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेम भाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नयी कलाकृति दोस्तों को पसंद आयेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। माँ स्कन्दमाता को मीठे का भोग लगायें, किस्मत का साथ मिलता रहेगा।

कुंभ: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। अगर आपके घर का निर्माण कार्य चल रहा है तो जल्द पूरा हो जायेगा। आज आपको प्रमोशन से जुडी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा, साथ में किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे। परिवार के साथ माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में खुशियाँ बनी रहेंगी।

मीन: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सिविल इंजीनियर्स का चल रहा प्रोजेक्ट आज पूरा हो जायेगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आपके सभी रूके हुए काम बनेंगे।

व्यंग्य

बात कम, घोटाला ज़्यादा!

✍ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

गांव का चौपाल हमेशा चर्चा का अखाड़ा बना रहता है। चौधरी रामलाल अपनी खटिया पर टाँग पर टाँग रखकर विराजमान थे, और बाकी लोग ज़मीन पर थे– क्योंकि उनकी कुर्सियाँ विकास कार्यों की भेट चढ़ चुकी थीं।

भइया, ये सड़क कब बनेगी? रमुआ ने भोलेपन से पूछा।

रामलाल ने मूंछों पर ताव दिया, ज़मीन पर थूककर निशाना लगाया और बोले, सड़क? अरे बेटा, जरूर बनेगी! पर पहले सरकार ये तय करेगी कि इसका उद्घाटन मंत्री जी करेंगे या उनका भांजा!

गांववालों ने ठहाका लगाया, क्योंकि अब वे भी व्यंग्य समझने लगे थे।

पहलवान काका, जो अब पहलवानी छोड़कर सरकारी फाइलें उठाने-धरने में एक्सपर्ट हो चुके थे, बोले, रामलाल, सुना है कि हमारे गांव का नाम विकास योजना में आ गया है!

रामलाल मुस्कुराए, बिल्कुल! नाम तो 10 साल पहले भी आया था, तब भी विकास हुआ था... मगर सिर्फ कागजों पर! सरकार बहुत दूर की सोचती है, सड़क बनाने की क्या ज़रूरत? सीधे गड्ढे बना दो! जब सड़क गिरेगी तो मुआवजा जल्दी मिलेगा!

इतना सुनते ही गंगू काका ने अपनी चिलम सुलगाई और बोले, हमारे नेताजी भी बड़े कलाकार हैं। पहले जनता को मुसीबत में डालते हैं, फिर उसे हल करने का वादा करके वोट मांगते हैं। मतलब बीमारी भी वही देते हैं और इलाज भी वही बेचते हैं!

भोलू ने गब्बर सिंह स्टाइल में सवाल दागा, तो काका, इस बार चुनाव में कौन जीतेगा?

रामलाल ने कंधे उचकाए, जिसका घोटाला सबसे नया होगा, वही जीतेगा! पुराने घोटाले तो पुरानी फिल्मों की तरह आउटडेटेड हो जाते हैं। अब बताओ, कोई पुरानी फिल्म बार-बार देखने जाता है क्या?

अब तक गांववालों का खून खौलने लगा था। हरिया, जो सबसे गरीब था लेकिन सबसे होशियार भी, उठकर बोला, तो हम क्या करें? कब तक ऐसे ही मूर्ख बनते रहेंगे?

रामलाल ने ठहाका लगाया, बेटा, जनता से बड़ा मूर्ख कोई नहीं होता। उसे हर बार ठगा जाता है, और वो फिर भी सोचती है कि अगली बार ईमानदार नेता आएगा! ये वैसा ही है जैसे कोई उम्मीद करे कि अगली बार समुंदर का पानी मीठा होगा!

गांव के सबसे अनुभवी आदमी, बूढ़े फगुआ काका ने लंबी सांस खींची और बोले, देखो भइया, हमारे देश में नेता और जूते में फर्क सिर्फ इतना है कि जूते जब पुराने हो जाते हैं, तो लोग उन्हें बदल देते हैं। नेता जब पुराने हो जाते हैं, तो वही हमें बदल देते हैं!

इतना सुनते ही वहां मौजूद हर आदमी कुछ देर के लिए चुप हो गया। जैसे सत्य उनके सिर पर किसी भारी पत्थर की तरह आ गिरा हो। मगर फिर धीरे-धीरे हर कोई अपनी ज़िंदगी में व्यस्त हो गया, ठीक वैसे ही जैसे हर चुनाव के बाद जनता व्यस्त हो जाती है, अगली ठगी के लिए खुद को तैयार करने में!

क्योंकि आखिर में, बात कम, घोटाला ज़्यादा!

चिंतन

आपदा-विपदा में परस्पर सहयोग हो

✍ हरिशंकर व्यास

म्यांमार में भयावह भूकंप आया! शायद ही कभी मालूम पड़े कि हजारों मरे या लाखों! लाखों का जुमला इसलिए है कि 7.7 तीव्रता के झटकों की मौतों, घायलों और बरबादी का म्यांमार में हिसाब रखने वाला है कौन यह वह देश है, जहां दशकों से भेड़ियों का सैनिक शासन है। लोग बेचारे बौद्ध हैं और वे आजादी के बाद से ज्यादातर समय तानाशाही में जी रहे हैं। इनमें वह कोई जिंदादिली, गुर्दा नहीं है जो बतौर मनुष्य अपने आप पर सोच सकें कि वे कैसे जी रहे हैं। कथित ताकतपूर्ण सैनिक शासन के बावजूद म्यांमार के कई इलाकों में अलग-अलग नस्ली, बागी संगठनों के शासन बाड़े हैं। इसी के चलते थाईलैंड की सीमा से लगे इलाके में चीनी माफियाओं, अपराधी गिरोहों के ऐसे सेंटर हैं, जहां इंडोनेशिया, फिलीपीन, भारत आदि के बेरोजगार लड़के-लड़कियां नौकरी के झांसे में फंसे बंधुआ हैं। उनसे फोन करवा फ्रॉड होता है। फिर रोहिंग्या मुसलमानों के इलाके हैं, जहां से लाखों लोगों को सेना ने म्यांमार से भगाया है। वे बांग्लादेश के शरणार्थी कैंपों से लेकर भारत में मुंबई, दिल्ली तक फैले हुए हैं।

बहरहाल, भूकंप की खबर आई तो म्यांमार की मदद के लिए कोई नहीं दौड़ा। कहीं चिंता नहीं हुई। खबर में बैंकॉक के विजुअल ज्यादा दिखे। इसलिए क्योंकि पहली बात म्यांमार के सैनिक तानाशाहों ने दुनिया से नाता नहीं रखा है। उनकी पटरी चीन, रूस जैसे तानाशाह देशों से ही पटती है। फिर देश में मीडिया के नाम पर जो है वह सरकारी है। म्यांमार विश्व बिरादरी में अछूत है। इसलिए भूकंप की खबर के बाद वैश्विक प्रतिक्रिया में यह भाव था आया होगा भूकंप, हमें क्या लेना! ध्यान रहे चीन, रूस और भारत के मदद के लिए आगे आने जैसी बातों का अर्थ नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिक शासन के प्रमुख से बात कर म्यांमार की मदद में 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के जुमले में राहत सामग्री भेजने की जो हेडलाइन बनाई है उसका वैसा ही अर्थ है, जैसे नेपाल में भूकंप के बाद भारत की मदद थी, जिससे नेपाल में हल्ला हुआ 'थोथा चना बाजे घना'!

तभी सोचें, भारत के पड़ोसियों और दक्षिण एशिया के देशों की दशा पर! सभी देश अपने को ऐसे बाड़ों में कनवर्ट किए हुए हैं, जो भीड़ के कारण चिन्हित है मगर बाजार के रूप में। दक्षिण एशिया की समस्याओं, गरीबी, जलवायु परिवर्तनों, आपदाओं-विपदाओं, आपसी और अंदरूनी कलह जैसे पहलुओं से बाकी दुनिया का विशेष सरोकार नहीं है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि दक्षिण एशिया का हर देश अपने आपको तुर्रम खां मानता है। जैसे म्यांमार अछूत है वैसे ही अफगानिस्तान अछूत है। अफगानिस्तान के तालिबान ने अपने बाड़े से गैर-मुसलमानों को भगाया तो म्यांमार ने उधर मुसलमानों को खदेड़ा। अफगानिस्तान और पाकिस्तान दोनों इस्लामी देश हैं और कल भी खबर थी कि खैबर पख्तूनख्वा में तहरीके तालिबान ने पाकिस्तानी सैनिकों को मारा। म्यांमार और श्रीलंका दोनों बौद्ध बहुल हैं और दोनों एक दूसरे प्रति सर्द हैं। भारत और नेपाल हिंदू बहुल हैं मगर नेपाल काफी हद तक अब चीनपरस्त है। बांग्लादेश में क्या हो रहा है,

इसका हमें ताजा अनुभव हैं। उसके पास अब चीन की पूंछ पकड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

दक्षिण एशिया के देशों में जहां रिश्ते ठूंठ, संवेदनहीन, अविश्वासी हैं वही अब डोनाल्ड ट्रंप के राष्टपति बनने के बाद जाहिर है कि मानवीयता में मदद के उस वैश्विक कुबेर के दरवाजे बंद हैं, जिसने दूसरे महायुद्ध के बाद दान, दया और दयालुता की भी एक विश्व व्यवस्था बनाई थी।

इस अनहोनी के वैश्विक मायने हैं तो दक्षिण एशिया के लिए भी हैं। बांग्लादेश में लाखों रोहिंग्या शरणार्थी हैं। उनकी मदद के लिए सन् 2007 से अब तक अमेरिका कोई 2.7 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च कर चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने उस विभाग-एजेंसी को ही खत्म कर जिया है, जिससे दुनिया भर को दान या मदद जाती थी। इस एजेंसी का चालू वर्ष में 58 अरब डॉलर का बजट था। ट्रंप ने एक झटके में एजेंसी पर ताले लगा दिए। तय मानें अमेरिका द्वारा हाथ खींच लेने के बाद संयुक्त राष्ट संघ (यूएनओ) की एजेंसियां भी मदद के मामले में कंगली हो जानी हैं। जब दुनिया का सबसे अमीर देश अमेरिका बदल गया है और उसे प्रभाव और पुण्यता की चिंता नहीं है तो बाकी अमीर देश भी अपने हाथ खींचेंगे। रोहिंग्या तब कैंपों से भाग किधर आएगे भारत में!

तो न म्यांमार के भूकंप पर कोई फिक्र और रोहिंग्या की चिंता। ऐसे ही पश्चिम एशिया के गाजा में इजराइल बनाम हमास की लड़ाई में बेघर और बेमौत मरते लोगों पर गौर करें। क्या वहां के मनुष्यों की कोई चिंता करते हुए है सही है वे मुसलमान हैं और मुसलमान के साथ कुछ भी हो वह दोनों मायनों में एक ही भाव लिए हुए है। एक तरफ इस्लामी धर्म गुरू जाकिर नाईक दलीलें बनाते हुए होंगे कि अल्लाह की यही प्लानिंग है तो दूसरी तरफ राय होगी ये इसी लायक हैं। तभी हैरानी नहीं है जो न इजराइल पसीज रहा है और न हमास पसीजा है। हमास हो या उसके पीछे का ईरान या कोई भी मददगार, उसे इतना तो सोचना चाहिए था कि जब सब खंडहर हो गया है, रमजान के समय में भी राशन का टोटा है तो सभी यहूदी बंधकों की रिहाई कर अपने लोगों को सांस लेने दें। इससे भी बड़ा अहम सवाल बगल के मिस्र, जोर्डन, सऊदी अरब, कुवैत, खाड़ी देशों पर है। क्या इनमें फिलस्तीनियों के यहां जैसे भी हो खाने-पीने के सामान को पंहुचाने की जिद नहीं होनी थी मुस्लिम छात्रों और नौजवानों ने अमेरिका के विश्वविद्यालयों, कैंपस और लंदन की सड़कों पर प्रदर्शन किया लेकिन काहिरा और रियाद में नहीं। क्या इन्हें फिलस्तीनी शरणार्थियों, बेघर लोगों के लिए बेसिक जरूरतों की सप्लाई बनवाए रखने के प्रदर्शन नहीं करने थे लेकिन इनके प्रदर्शन इजराइल के विरोध की प्राथमिकता में थे न कि मानवीयता के तकाजे में! इस सबका झंझट डोनाल्ड ट्रंप अब खत्म कर दे रहे हैं। अर्थात पिछले 75 वर्षों में, दूसरे महायुद्ध के बाद बनी मानवाधिकारों, मानवता, करूणा, दया, दान और मदद की वैश्विकता ही मिटा दे रहे हैं। अमेरिका की बनाई विश्व व्यवस्था यदि राजनीति केंद्रित थी तो मानव केंद्रित भी थी। उसका लीडर अमेरिका था तो पश्चिमी सभ्यता और ब्रिटेन, फ्रांस, यूरोपीय संघ उसके हरकारे थे। वह लिबरल जमाना था, जिसका बेसिक सत्व-तत्व था कि मनुष्य को मनुष्य समझो न कि जानवर। और पशु से पृथक मनुष्य की विशिष्टता, बुद्धि से है, जिसकी स्वतंत्रता, समानता, जीवन गरिमा के मानवाधिकारों की रक्षा मानव परमो धर्म है।

ऐसा सोचना, मानना उस तानाशाही विचार और व्यवस्था में संभव नहीं है, जिसमें मनुष्यों को पिंजरे का पालतू बना कर उसे विचार विशेष का गुलाम पशु बनाना उद्देश्य होता है। तभी 21वीं सदी, सन् 2025 की यह अकल्पनीय तस्वीर है कि अमेरिका वैसा ही बनता हुआ है जैसा रूस है। डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन एक ही मनोदशा के हैं। दोनों ताकत के सनकी हैं। नेतन्याहू, पुतिन, डोनाल्ड ट्रंप, म्यांमार का सैनिक तानाशाह मिन आंग ह्लाइंग, चाइनीज राष्टपति शी जिनफिंग एक ही सांचे के वे चेहरे हैं, जिनके दिल-दिमाग में यह प्राथमिकता है ही नहीं कि मनुष्य पर मनुष्य की तरह सोचें! ट्रंप ने अमेरिका के घुसपैठियों को जंजीरों, बेड़ियों में बांधकर उन्हें उनके देशों में लौटाया या अल सल्वाडोर की जेल में डलवा दिया तो वह मानवाधिकार व मानवीय गरिमा के प्रति उसी निष्ठुरता का संकेत है, जिससे हिटलर का राक्षस रूप बना था। विषयातंर हो गया है। असल बात है कि डोनाल्ड ट्रंप के डोमिनो इफेक्ट में ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ सहित सभी उदारवादी समाज अपनी सुरक्षा, अपने अस्तित्व की चिंता में सिमटते हुए हैं। शेष दुनिया की किसी को चिंता नहीं है। वह वैश्विक सोच खत्म प्राय है कि पृथ्वी और मानवता की रक्षा के लिए सभी एकजुट हों। आपदा-विपदा में परस्पर सहयोग हो। अमीर हैं तो गरीब की मदद करें। उन लोगों, उन संगठनों को दान दें, जो लोगों की भलाई को अपनी जिंदगी का मिशन बनाते हैं। जो सरकारी मशीन से अधिक संवेदनशील मददगार होते हैं। इसलिए लगता है समय का ही फेर है जो करूणा, दया, दान, संवेदना की भावनाएं भी सूखती आबोहवा के साथ सूख रही हैं।

पीएम किसान योजना से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करें: कलेक्टर ध्रुव

■ महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती करने के निर्देश जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 03 अप्रैल। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं सभी विभागीय अधिकारियों को समय पर लंबित प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन सहित अन्य लंबित प्रकरणों को निराकरण करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्र और जाति प्रमाणपत्र शीघ्र जारी करें। तंबाकू मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान और सड़क सुरक्षा अभियान को गंभीरता से लेकर फील्ड में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या ना हो इसके लिए सीएसईबी के अधिकारी सतर्क रहें। सभी शासकीय विभागों में 4 अप्रैल से ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालय में काम होगा। सभी इसके लिए तैयार रहें।

बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने शासन की जनकल्याणकारी महतारी वंदन योजना, पीएम आवास योजना, स्वामित्व योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली एवं योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने निर्देशित किया। उन्होंने एग्रो स्टैक के तहत किसानों के पंजीयन की समीक्षा करते हुए, सभी तहसीलदारों को ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रोत्साहित कर स्टैक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली एवं हितग्राहियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड का लाभ हितग्राहियों को मिले यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने रेडक्रॉस सोसायटी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में संविदा भर्ती के अंतर्गत रिक्त पद स्टाफ नर्स, कंप्यूटर ऑपरेटर, आरएमओ सहित अन्य पदों के भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर सर्व एसडीएम सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एक नजर

मुख्यमंत्री साय से जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने रायपुर निवास में भेंट की

सुकमा, 03 अप्रैल। भाजपा जिलाध्यक्ष सुकमा धनीराम बारसे जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री विष्णुदेव साय जी से सुकमा जिले के भाजपा पदाधिकारी एव जनप्रतिनिधि ने की आत्मीय भेट सुकमा जिले को उत्तम बनाने के लिए किए जाने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुकमा श्री नुपुर वैदिक जी, श्रीमती भुनेश्वरी यादव जी, भाजपा जिला महामंत्री सुकमा एव जिला पंचायत सदस्य श्री सन्नू कोरसा जी, भाजपा जिला मंत्री श्री उपेंद्र सिंह चौहान जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बारसे माड़े जी, जनपद अध्यक्ष कोंटा श्रीमती कुसुमलता कवासी जी, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष श्री हूंगाराम मरकाम जी, दोरनापाल नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा नायक जी, सुकमा नगर पालिका के पार्षद श्री शोभन गंदामी जी, श्री राजेंद्र गुप्ता जी, श्री रमेश कर्मा जी, श्री अनिल सोढ़ी जी, युवा नेता शुभम चौहान एव भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन और निरंतर अभ्यास जरूरी: दीपिका सोरी

सुकमा। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग सुकमा द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजनांतर्गत जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को मिनी स्टेडियम सुकमा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी उपस्थित थीं। खेलकूद प्रतियोगिता में तीनो विकासखंड सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ के लगभग 150 खिलाड़ी छात्रों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ गोला फेंक, भला फेंक, रस्साकस्सी, कबड्डी और बॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री दिलीप पेद्दी, रमाकांत नायक, सोनूराम, जिला खेल अधिकारी श्री विरूपाक्ष पौराणिक तथा अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अज्ञात नक्सली का शव बरामद

सुकमा, 03 अप्रैल। जिले के केरलापाल क्षेत्रातंर्गत ग्राम नेड्डम, परिया के जंगल पहाड़ी में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अज्ञात पुरूष नक्सली उम्र लगभग 22 वर्ष का शव बरामद किया गया है, जिसका हुलिया रंग सांवला, लम्बाई 151 से.मी., चेहरा गोल, बाल छोटे काला, गले में लाल रंग का बाजारू माला, फूल बांह का काला शर्ट एवं काला लोवर पहना हुआ है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुकमा के मर्ग क्रमांक 00/2025 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जॉच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया है। उक्त मृतक के को जिला अस्पताल सुकमा में पी.एम. व जॉच पंचनामा कार्रवाई पश्चात् सुरक्षार्थ मरच्यूरी में रखवाया गया है मृतक का नाम, निवास स्थान व पहचान नही हो पाया है। उनके परिवारजन पुलिस प्रशासन से मुलाकात करने से उसके शव को सुपुर्द किया जाएगा।

नगर पालिका परिषद सुकमा की लापरवाही पर ध्यान दें

सुकमा, 03 अप्रैल। शांति नगर, वार्ड क्रमांक 10, नाकापारा में बनी सीसी सड़क को बिना किसी निविदा के ठेकेदार द्वारा खोद दिया गया है। इससे स्थानीय निवासियों को न केवल चलने में कठिनाई हो रही है, बल्कि वाहन निकालने, और आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस को भी सड़क तक पहुंचने में समस्या आ रही है। यह स्थिति अब खतरनाक बन सकती है, खासकर अगर किसी प्रकार की आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होती है। वार्ड 10 के पार्षद, श्री सुनील यादव ने नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को कई बार सूचित किया है, लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। अगर जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वार्ड वासियों द्वारा नगर पालिका परिषद का घेराव किया जाएगा और सम्पूर्ण जिम्मेदारी नगरीय प्रशासन की होगी। हम सभी से अनुरोध है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लें और नगर पालिका परिषद पर दबाव बनाएं।

कोंटा-गोलापल्ली मार्ग में 'उसकावाया' में स्थापित किया गया नवीन सुरक्षा कैम्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 03 अप्रैल। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अबतक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 376 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किये एवं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 48 माओवादी को मार गिराने व 351 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है। जिला सुकमा के अंदरूनी क्षेत्रों नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो में तेजी लाने हेतु श्रीमान सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ0ग0), श्री कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, श्री सूरजपाल वर्मा, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोन्टा के मार्ग-दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, खालीद खान कमाण्डेन्ट सीआरपीएफ 218 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री उमेश प्रसाद गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, श्री आकाश राव गिरपूंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल कोन्टा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन से संचालित ''नियद नेल्ला नार'' योजना के तहत जिला सुकमा एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र कोंटा-गोलापल्ली मार्ग में नवीन सुरक्षा कैम्प ''उसकावाया' दिनांक 28.03.2025 को स्थापित किया गया। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र में माओवादियों के अन्तर्राज्यीय गतिविधियों पर अंकुश लगेगा व नक्सल विरोधी अभियान संचालन में तेजी आयेगी एवं आप-पास क्षेत्रों में निवासरत् ग्रामीणों को विकासात्मक कार्य एवं मूलभूत सुविधायें जैसे कि सड़क, पुल/पुलिया निर्माण, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, पीडीएस दुकाने, अच्छी शिक्षा, मोबाईल कनेक्टिविटी का विस्तार आदि की सुविधायें मिल पायेगा। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के आम-जन उत्साहित है। विदित हो कि वर्ष 2024 से अबतक जिला सुकमा में ''नियद नेल्ला नार'' योजना अन्तर्गत कुल 12 नवीन सुरक्षा कैम्प टेकलगुड़ेम, पुवर्ती, मुकराजकोण्डा, दुलेड़, पुलनपाड़, लखापाल, तुमालपाड़, रायगुड़ेम, गोलाकोण्डा, गोमगुड़ा, मेटागुड़ेम एवं उसकावाया नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित की गई है। लगातार नवीन कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से माओवादी विचारधारा को त्यागकर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से 376 माओवादियों के द्वारा आत्मसमर्पण किये एवं विभिन्न नक्सल विरोधी अभियानों में 48 हार्डकोर माओवादियों को मार गिराने तथा 351 माओवादियों को गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की गई है।

कोटिगुड़ा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का संकट

■ पार्षद दीपक कुमार नेताम ने किया दौरा, वार्डवासियों से की बातचीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 03 अप्रैल। आज सुकमा के कोटिगुड़ा क्षेत्र में पार्षद दीपक कुमार नेताम ने क्षेत्र का दौरा किया और वार्डवासियों से सीधा संवाद किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क और नालियों की गंभीर समस्याओं का जायजा लिया। दीपक कुमार नेताम ने बताया कि कोटिगुड़ा क्षेत्र में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जो स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। वर्षों पहले ग्राम पंचायत से लेकर नगर पालिका बनने तक, इस क्षेत्र में कोई ठोस जनहित कार्य नहीं हो सका है। इन समस्याओं का समाधान होना बेहद जरूरी है, ताकि नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधा मिल सके। पार्षद ने कहा, आजादी के इतने वर्षों बाद भी कोटिगुड़ा क्षेत्र में जो समस्याएं हैं, वह गंभीर हैं। जब तक हम सब मिलकर इन समस्याओं के समाधान के लिए कदम नहीं उठाते, तब तक विकास की गति को रोकना संभव होगा।÷ उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के विकास में सक्रिय रूप से भाग लें और समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर प्रयास करें। पार्षद दीपक कुमार नेताम ने यह भी कहा कि वे इन समस्याओं के समाधान के लिए नगर पालिका और अन्य संबंधित अधिकारियों से जल्द ही संपर्क करेंगे।

साधकगण कर रहे है योग साधना

जगदलपुर 3 अप्रैल। जगदलपुर में योग से जुड़े साधकगण श्री गोरखनाथ सरस्वती के मार्गदर्शन में योग साधना कर रहे हैं द्य शिवम् योग समिति एवं श्री जलाराम सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान 1 से 6 अप्रैल तक उच्च योग साधना शिविर का आयोजन हो रहा है जिसमें उच्च योग की अद्भुत साधना करवाई जा रही है द्य बिहार योग के द्वारा सम्पूर्ण विश्व को जिस योग निद्रा का अभ्यास सिखाया गया है वही आज यहाँ योग साधकों को सिखाया गया कि किस तरह निद्रा की अवस्था में भी मन को जागृत रखा जा सकता है द्य योग निद्रा में बिताया हुआ थोड़ा सा समय कैसे शरीर की निद्रा की जरुरत पूरी कर सकता है द्य स्वामी जी ने बताया कि कैसे स्वामी श्री निरंजनानंद सरस्वती जी ने 4 वर्ष की उम्र में ही योग निद्रा के माध्यम से योग के कई गूढ रहस्यों को जान लिया था द्य ध्यान के बारे कई जानकारियां देने के साथ उसका अभ्यास करवाया। शिविर में पंजीयन हेतु सीमित संख्या ही रखी गई थी जो कि पूर्ण हो चुकी है और 150 योग साधक सुबह 5 बजे से योग साधना में मग्न है। शिवम् योग समिति के अध्यक्ष किशोर पारख ने बताया कि यह अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक शिविर है जिसमें श्री गोरखनाथ जी जैसे संत योग के गहन रहास्यों व परंपराओं की जानकारियां दे रहे हैं द्य आने वाले दिनों में ऐसे ही और कई विलक्षण अभ्यास व उसकी विस्तृत जानकारी दी जानी है द्य साधक दीपेश राजपुरिया ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि आज स्वामीजी ने नाड़ीशोधन प्राणायाम की जो विस्तृत व्याख्या सहित अभ्यास करवाया वह अद्भुत है, ऐसा लगा कि प्राणायाम की गहराई में आज ही उतर पाये है।

महावीर क्रिकेट कप सीजन 8 में जैन समाज के युवा खिलाड़ियों ने दिखाया जबरदस्त खेल

जगदलपुर, 03 अप्रैल। श्री सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जगदलपुर के तत्वाधान में जनसेवार्थ हेतु क्षेत्रवासियों को एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करवाने के लिए जगदलपुर शहर के हाता ग्राउण्ड में खेले जा रहे महावीर क्रिकेट कप सीजन 8 प्रतियोगिता के लीग मैच में मंगलवार को दो मैच खेले गये। जिसमें पहला मैच मोक्ष 11 व क्षमा 11 के बीच खेला गया। जिसमें मोक्ष 11 ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लेकर निर्धारित 12 ओवर में विपक्षी टीम क्षमा 11 के समक्ष 6 विकेट के नुकसान पर 114 रन का लक्ष्य रखा। मोक्ष 11 की ओर से बैटिंग करते हुए टीम के खिलाड़ी राहुल सुराना ने महज 26 गेंदों में छः छक्के और दो चौके लगाकर 53 रनों की शानदार पारी खेली एवं नरेश रीढ़ ने भी 21 रन बनाकर अपना योगदान दिया। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी अपनी टीम मोक्ष 11 के लिए संकटमोचक बनकर उभरे। और अपनी टीम को एक सुरक्षित व सम्मानजनक स्थिति में लाकर खड़ा किया। लेकिन जवाब में उतरी क्षमा 11 की टीम 12 ओवर खेलकर भी निर्धारित लक्ष्य को छू न सकी और केवल 83 रन बनाकर क्षमा 11 की टीम को हार का सामना करना पड़ा। तो वहीं मोक्ष 11 की ओर से गेंदबाजी करते हुए राहुल सुराना ने 3 ओवर में विपक्षी टीम को केवल 10 रन देकर उनके 4 विकेट झटके। इस तरह राहुल सुराना ने न केवल शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया बल्कि गेंदबाजी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के जरिए अपनी टीम की जीत में शानदान भूमिका का निर्वाहन किया। अपनी टीम की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए इस मैच के निर्णायक के रूप में मोक्ष 11 की ओर से बेस्ट बैट्समैन एवं बेस्ट बॉलर के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी राहुल सुराना ने अपने नाम किया।

सब्जी नर्सरी एवं खेती कार्यक्रम का दिया जा रहा प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 03 अप्रैल। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सुकमा में 26 मार्च से 10 दिवसीय सब्जी नर्सरी एवं खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें कुल 17 प्रशिक्षणार्थीयों ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को 02 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ शासन उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वनिकी विभाग कार्यालय पावारास सुकमा में विजिट करवाया गया। विजिट के दौरान सहायक संचालक उद्यान श्री हितेश नाग एवं उद्यान अधीक्षक श्री कमल गावड़े द्वारा सब्जी नर्सरी एवं खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही फसल चक्र के बारे में बताया गया। इसके साथ ही श्री पाल सिंह राजपूत डीएसटी प्रशिक्षक एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य आरसेटी सुकमा से श्री एन मधुसूदन और श्री विरेन्द्र सिंह ठाकुर का कार्यक्रम में अहम योगदान रहा। विजिट के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों ने उद्यान में खेती से संबंधित बहुत सी जानकारी प्राप्त की जिसके माध्यम से वे प्रशिक्षण के पश्चात् नई तकनीक से खेती कर अपने आय में बढ़ोतरी कर सकेंगे।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर में 7 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप

जगदलपुर 03 अप्रैल। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर में 07 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 04 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी सेक्टर के नियोजक द्वारा कुल 19 पद रीजनल मैनेजर सेल्स एक्ज्युकेटिव, पीओसी एसडीसी योग्यता ग्रेजुएशन तथा सर्विस एडवाइजर योग्यता-डिप्लोमा मैकेनिकल एवं वासरमेन योग्यता कोई भी होनी चाहिए। इन पदों के लिए मासिक वेतन के तहत रीजनल मैनेजर सेल्स एक्ज्युकेटिव हेतु 10 हजार से 18 हजार रुपए, पीओसी एसडीसी के लिए 08 हजार से 15 हजार रुपए, सर्विस एडवाइजर हेतु 09 हजार से 20 हजार रुपए एवं वासरमेन पद के लिए 07 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा। उक्त सभी पदों के लिए कार्यक्षेत्र जिला बस्तर निर्धारित है। प्लेसमेंट कैम्प में इन सभी पदों की पूर्ति हेतु योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक निर्धारित स्थल पर नियत तिथि एवं समयावधि में अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर प्लेसमेंट में शामिल हो सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

ग्राम पंचायतों को स्वच्छ और सुंदर बनाने यूनिसेफ ने वॉश विषय पर दिया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 03 अप्रैल। त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर के नव निर्वाचित सरपंचों का दिनांक 26 मार्च से 28 मार्च 2025 तक अभिमुखीकरण परिचयात्मक विषय पर प्रशिक्षण जिला पंचायत संसाधन केंद्र सुकमा में सम्पन्न हुआ जिसमे यूनिसेफ के वॉश कार्यक्रम जिला समन्वयक केशरी साहू द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को जिला प्रशासन के सहयोग से जिले में चल रहे वॉश कार्यक्रम के तहत जल, स्वच्छता और साफ सफाई (वॉश) और पर्यावरणीय जलवायु परिवर्तन स्थिरता विषय पर विस्तार से जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया, प्रशिक्षण के दौरान वॉश के प्रमुख घटकों के बारे में बताते हुए सुरक्षित पेयजल के महत्व, दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों, शौचालय उपयोग के महत्व, हाथ धुलाई के महत्व, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और लाइफ(पर्यावरण के लिए जीवन शैली) समुदायों के बारे में शिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और जल जीवन मिशन जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नए व्यक्तिगत शौचालयों, क्षतिग्रस्त शौचालयों की मरम्मत, व्यक्तिगत और सामुदायिक सोख्ता गड्ढा और खाद इकाइयों के लिए जानकारी दिया।

हर घर जल से बदलती गांवों की तस्वीर

सुकमा, 03 अप्रैल। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ श्रीमति नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। जल जीवन मिशन ने ग्रामीण भारत में हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का जो वायदा किया था, वह आज सुकमा जिले के गांवों में साकार हो रहा है। इस मिशन ने न केवल पानी की समस्या का समाधान किया है, बल्कि ग्रामवासियों के जीवन में आशा की नई किरण लेकर आया है।

अजजा, अज एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीयन

जगदलपुर 03 अप्रैल। बस्तर जिले के निवासी अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं जो छत्तीसगढ़ से बाहर अन्य राज्यों के शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पोलीटेक्निक आदि में अध्ययनरत हैं और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। ऐसे छात्र-छात्राएं शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया 15 अप्रैल 2025 तक वेबसाइट ीजजचरूध्ध्चवेजउंजतपबे.बीवसंतेीपचण्बहण्दपबण्पदध् पर ऑनलाईन कर सकते हैं। विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन, प्रस्ताव एवं स्वीकृति लॉक करने हेतु अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए 15 अप्रैल 2025 तक, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 21 अप्रैल 2025 तक और स्वीकृति आदेश लॉक करने की कार्यवाही 21 अप्रैल 2025 तक किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और ड्राफ्ट प्रस्ताव एवं स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है. तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा ढाई लाख रुपए प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा एक लाख रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र एवं छत्तीसगढ़ के मूल निवास प्रमाण पत्र सलग्न करना आवश्यक है। सम्बन्धित विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत का परीक्षा परिणाम एवं संस्था द्वारा जारी बोनाफाईड प्रमाण पत्र जरूरी है। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतएव सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की सही प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें। वर्ष 2024-25 से संस्थाओं का जिओ टैगिंग किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा जिओ टैगिंग नहीं किया जावेगा, उक्त संस्था के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय नहीं की जाएगी।

हाई स्कूल ग्राउंड में बस्तर पंडुम की हुई शुरुआत

■ अपनी संस्कृति को संवारने सहेजने का ऐतिहासिक अवसर है पंडुम 2025-विधायक अटामी

■ बस्तर संभाग के 600 प्रतिभागी बस्तर पंडुम में ले रहे है हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 03 अप्रैल। अपनी संस्कृति का पुनर्वलोकन यह संदेश देता है कि हम पूरी निष्ठा और सजगता से अपनी विरासत की जड़ों से जुड़कर उसे नया आयाम देवें। आधुनिक जीवनशैली को स्वीकार करके भी अपनी विरासत को सर्वोपरि रखना ही सही मायने में समाज को एक सूत्र में पिरोता है। इसी लक्ष्य और उद्देश्य के अनुरूप छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आज 02 अप्रैल से संभाग स्तरीय ''बस्तर पंडुम'' की हाई स्कूल मैदान में शुरुआत हुई। उल्लेखनीय है कि ''बस्तर पंडुम'' 02 अप्रैल से 05 अप्रैल तक आयोजित होगी। जिसमें विभिन्न प्रकार के बस्तर संभाग के सभी जिलों की टीमों द्वारा विभिन्न विधाओं की प्रदर्शनी के साथ-साथ देश के अन्य राज्य जैसे ओडिशा, तेलंगाना, असम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक दल अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगीं। आज कार्यक्रम के शुरुआत में विधायक श्री चैतराम अटामी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर एवं कांकेर जनजातियों द्वारा लगाए गए स्टालों को देखा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्थानीय विधायक श्री अटामी ने कहा कि ऐतिहासिक ''बस्तर पंडुम'' में गांव-गांव से परंम्परा संस्कृति के प्रदर्शन को ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में ''बस्तर पंडुम'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बस्तर की सभी सांस्कृतिक की धरोहर को संजोने के लिए किया गया है। यह कार्यक्रम एक उत्साह के तरह मनाया जा रहा है। पहले ब्लॉक स्तर पर बस्तर पंडुम बनाया गया। उसके बाद जिला स्तर पर तथा अब संभाग स्तर पर बस्तर पंडुम बनाया जा रहा है। बस्तर पंडुम के माध्यम से पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प, और आदिवासी रीति-रिवाजों को एक भव्य मंच प्रदान किया गया है। जिससे स्थानीय संस्कृति को नई पहचान मिलेगी। इस उत्सव में विभिन्न जनजातीय समूह अपनी कला और परंपराओं का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे न केवल सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बस्तर पंडुम की व्याख्या करते हुए कहा कि जनजाति बहुल क्षेत्र में उत्सव मनाने की परपंरा को पंडुम कहा जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अवसरों में मनाए जाने वाले इस पर्व को आज हम राज्यषासन के मंशानुरूप जिला मुख्यालय में मना रहे है। इसके साथ ही उपस्थित आगन्तुक जनप्रतिनिधियों ने भी बस्तर पंडुम 2025 को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि इससे देश दुनिया में बस्तर की आदिम संस्कृति को एक नयी पहचान मिलेगी।

ज्ञात हो कि हाई स्कूल ग्राउंड में आज प्रारंभ हुए बस्तर पंडुम में संभाग के समस्त जिले सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर एवं कांकेर द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के प्रमुख लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया जाएगा इसके साथ ही इन जिलों द्वारा अपने स्टालों पर जनजाति पेय पदार्थ एवं व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों का अभाव,दुर्घटना का मंडरा रहा खतरा

■ नपा प्रशासन की उदासीनता से लोग परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 03 अप्रैल। नगर के मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों का अभाव लोगों के लिए समस्या बनता जा रहा है। कोतवाली थाना से सम्राट नगर तक का मार्ग रात के समय घने अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई कदम नहीं उठा रहा है। रात के समय लाइट की अनुपस्थिति के कारण सड़क पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक अंधेरे में सामने से आ रहे वाहन को देख नहीं पाते, जिससे टक्कर की स्थिति उत्पन्न होती है। वहीं, पैदल चलने वालों को भी अंधेरे में गड्ढों और अव्यवस्थित मार्ग के कारण गिरने का जोखिम रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार नगर पालिका प्रशासन से स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय जनता का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे आम जनता को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से यह मांग की है कि वह इस समस्या का संज्ञान लेकर, मुख्य मार्ग पर जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था करें, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों को सुरक्षित आवाजाही का माहौल मिल सके।

एक नजर

3 प्रकरणों में 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर, 3 अप्रैल । कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत् राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के दो प्रकरणों में से मृतिका सुजिता माड़वी के निकटतम वारिस उनकी माता श्रीमती हिड़मे महेश माड़वी निवासी ग्राम केतुलनार कुटरू एवं मृतिका चन्दे लेकाम के निकटतम वारिस उनके पति श्री लच्छु लेकाम निवासी ग्राम पोन्दुम भैरमगढ़ इसी तरह नदी में डूबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक चन्द्रशेखर कश्यप के निकटतम वारिस उनकी माता श्रीमती शन्ति हेमला निवासी ग्राम नेलसनार भैरमगढ़ प्रत्येक को 4-4 लाख कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

मनरेगा मजदूरों को अब 261 रुपए मिलेगी मजदूरी

बीजापुर 3 अप्रैल । केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोजगार करने वाले ग्रामीण मजदूरी की राशि का निर्धारण किया है। 1 अप्रैल से महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों को 261 रुपए मजदूरी प्राप्त होगी। छत्तीसगढ़ को मजदूरी 261 रुपये की प्रति कार्य दिवस की दर से मिलेगी. केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव का नोटिफिकेशन जारी किया है. 1 अप्रैल से ही नवीन दर लागू हो गया है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा श्रमिकों को सही सही जानकारी पहुंचाने के साथ योजना का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 अप्रैल 2025 से 18 रूपये की बढ़ोतरी करते हुए केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने मनरेगा मजदूरी दर 261 कर दी है।

कलेक्टर ने किया राजस्व निरीक्षक दौलत राम ठाकुर को निलंबित

महासमुंद, 3 अप्रैल । राजस्व निरीक्षक श्री दौलतराम ठाकुर, रा0नि0 म0 शेर / बरोंडा बाजार, तहसील महासमुंद का बिना पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी के अनुमति बिना अनाधिकृत रूप से अवकाश पर रहने तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा0) महासमुंद के कार्यालयीन कारण बताओ नोटिस का संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने श्री ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत पाये जाने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत् श्री ठाकुर राजस्व निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है एवं उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सरायपाली नियत किया जाता है। श्री दौलतराम ठाकुर, राजस्व निरीक्षक को निलंबन अवधि में मूलभूत नियम के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। श्री दौलतराम ठाकुर राजस्व निरीक्षक के प्रभार अंतर्गत राजस्व निरीक्षक मण्डल शेर का अतिरिक्त प्रभार श्री महेश बंजारे राजस्व निरीक्षक, रा0 नि0 मं0 सिरपुर को एवं राजस्व निरीक्षक मण्डल बरोंडा बाजार का अतिरिक्त प्रभार श्री मनीष श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक रा0 नि0 मं0 महासमुंद को सौंपा गया है।

मामले को रफा-दफा करने के लिये अधिकारियों ने मृतक छात्र के परिवार को 45000 रुपये देने की पेशकश की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 3 अप्रैल। गुरुवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में बीजापुर के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी से एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि उसूर ब्लॉक के जिन्निप्पा गांव का रहने वाला नीतीश ध्रुवा पोर्टा केबिन दुगाईगुड़ा में कक्षा तीसरी में अध्ययनरत था और उसकी परीक्षा 1 अप्रैल से शुरू होनी थी, इस बीच दिनांक 29/03/2025 शनिवार को पोर्टा केबिन दुगाईगुड़ा से गोपाल कोरसा के फ़ोन से नीतीश ध्रुवा की माँ के पास नीतीश की तबीयत खराब होने के संबंध में फ़ोन आया, जिसके आधार पर नीतीश की माँ पोर्टा केबिन दुगाईगुड़ा पहुँच कर अपने बच्चे से मिली उस वक्त बच्चा कपड़े भी नहीं पहना था और बिस्तर में पड़ा हुआ था, वहाँ के कर्मचारियों ने बच्चे को घर ले जाने के लिये दबाव बना रहे थे ये जानते हुए भी कि नीतीश ध्रुवा की परीक्षाएं दिनांक 01/04/2025 से शुरू होंगी बावजूद इसके पोर्टा केबिन के कर्मचारियों ने बच्चे को पोर्टा केबिन से ले जाने के लिए दबाव पूर्वक कह रहे थे। फिर नीतीश की माँ रतनी ध्रुवा ने दिनांक 29/03/2025 को अपने पुत्र को वापस घर ले आई उसके बाद बच्चे का तबीयत और ज़्यादा बिगड़ने लगा बच्चे को कहीं और ले जाने की स्तिथि नहीं थी, अंततः दिनांक 31/03/2024 की शाम 6 बजे नीतीश ध्रुवा की दुखद मृत्यु हो गई। परिवार वालों ने पोर्टा केबिन में रहने के दौरान बच्चे के स्वास्थ्य होने की बात को झूठा और निराधार बताया और कहा कि बच्चा पोर्टा केबिन दुगाईगुड़ा में रहने के दौरान ही बीमार हुआ था।

इस पूरे मामले की सच्चाई जानने के लिये प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम के नेतृत्व में पाँच सदस्यीय जाँच दल गठित किया जिसमें सदस्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुकलू पुनेम, जनपद सदस्य मनोज अवलम, अनीता तेलम और श्रीमती सरस्वती वासम आदि शामिल थे। पाँच सदस्यीय जांच दल ने दिनांक 02/04/2025 को मृतक छात्र के गृह ग्राम जिन्निप्पा, दुगाईगुड़ा पोर्टा केबिन का दौरा कर मृतक के परिजनों के बयान लिए, पोर्टा केबिन के अधीक्षक समेत अन्य कर्मचारियों और मृतक नीतीश ध्रुवा के दोस्तों से भी बात जानकारी इकट्ठा किये जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। जो बीजापुर जिले में हो रहे भ्रष्टाचार और अधिकारियों की लफ़रवाही को स्पष्ट रूप से उजागर करता है। जिनकी उच्चस्तरीय जांच होनी अति आवश्यक है-1.परीक्षाओं के समय एक छात्र पोर्टा केबिन में बीमार पड़ा हुआ है और इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी पोर्टा केबिन के अधीक्षक को ही पता नहीं, जाँच दल को पोर्टा केबिन के अधीक्षक बोड़के भास्कर स्वयं बताते है कि छात्र के मौत की जानकारी उन्हें फ़ोन पर 01/0/4/2025 को मिली है।2.मृतक छात्र की मौत के बाद परिजन अंतिम संस्कार करने की तैयारी में जुटे हुए थे और दूसरी तरफ़ शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक फर्जी पंचनामा बनाया जिसमें मृतक छात्र के परिजनों से जबरन हस्ताक्षर कराए गए इस संबंध में गांव में कोई बैठक भी नहीं हुई है। 3.मामले को रफा दफ़ा करने के लिए शिक्षा विभाग के बीईओ, बीआरसी और अधीक्षक ने मृतक छात्र के परिजनों को 45000/- (पैंतालीस हज़ार रुपए) देने की पेशकस किए और 5000/- (पाँच हज़ार रुपये) अग्रिम भुगतान किए शेष 40000/- (चालीस हज़ार रुपये) साथ ही कुछ अन्य समान बाद में देने की बात हुई है।

4. परिजनों ने कहा कि पोर्टा केबिन में रहने के दौरान छात्र की तबीयत खराब नहीं थी यहा बात पूरी तरह झूठा और निराधार है। बच्चा बीमार था और बिस्तर में ही पड़ा था उसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर बीजापुर के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ÷अब आदिवासी बहुल क्षेत्र बीजापुर में यह स्तिथि हो गई है कि छात्र के मौत के बाद मामले को रफा दफ़ा करने के लिये शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पीड़ित परिवार को रुपयों की पेशकस की जा रही है इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि हम किस तरह के समाज का निर्माण कर रहे हैं। कांग्रेस नेता और विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार बीजापुर जिले के आश्रमों, पोर्टा केबिनों और छात्रावासों में पढ़ने वाले आदिवासी छात्र छात्राओं की कोई सुरक्षा नहीं है आए दिन स्कूल छात्रावासों में कोई न कोई घटना घटित होती है और इन घटनाओं में छात्रों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है लेकिन आज पर्यन्त तक किसी जिम्मेदार पर कार्यवाही नहीं होना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार में छात्रों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। इसलिए शासन प्रशासन से मांग है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। कार्यवाही नहीं होने पर आने वाले दिनों में ऐसी घटनाओं को रोकने और दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान पीड़ित परिवार के अलावा पूर्व जिल पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, बसंत राव ताटी, सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, बेनहूर रावतिया अरुण वासम के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मृतक छात्र के परिजनों से मिला जांच दल व विद्यालय के छात्रों से भी की पूछताछ

आवापल्ली, 3 अप्रैल। कांग्रेस कमेटी का जांच दल आज मृतक छात्र के.परिजनों से मिला और घटना की पूरी जानकारी ली ग्राम में परिजनों से मिलने के बाद जांच दल आवासीय विद्यालय दुगई गुडा पहुंच कर वहाँ मृतक छात्र के सहपाठियों से भी घटना की जानकारी ली वहाँ मौजूद शिक्षको से भी बात चीत कर घटना की वास्तविकता से अवगत हुये जांच दल सभी पक्षों से जानकारी लेकर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौपेगी। जांच दल मे कमलेश कारम के अलावा अवलम मनोज अनिता तेलम सरस्वती वासम सुकलू पुनेम,राजेश वासम सत्यम वासम मारैया कडती रामलूसोढी विनोद तालूकदार आदि साथ थे

नक्सली फायरिंग में दो जवान घायल

बीजापुर, 3 अप्रैल। बुधवार को नक्सली विरोधी अभियान के लिए थाना गंगालूर से सयुंक्त पुलिस टीम अभियान में निकली थी इसी दरमियान नक्सली फायरिंग से एसटीएफ आरक्षक संतकुमार कोमरे को दाहिने हाथ में एवं बस्तर फाईटर आरक्षक महेश गटपललली को पैर में मामूली चोट आई है जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है इधर जवान अभी भी सधन गश्त में लगे हुये है

ग्रीष्म ऋतु में लू से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

रायगढ़, 3 अप्रैल। ग्रीष्म ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव हेतु निर्देश जारी किए गए है।

लू के लक्षण-सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना एवं बेहोश होना।

लू से बचाव के उपाय-लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की मात्रा कम हो जाने से होता है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि और गौरव समाज के अध्यक्ष पहुंचे ओडसनपलली,ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

बीजापुर, 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर दूर संवेदनशील क्षेत्र थाना फरसेगड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंडेम का आसरित ग्राम ओडसनफलली के वाशिंदे आजादी के बाद भी गुलामी कि जिंदगी जी रहे हैं, इस गांव तक पहुचने के लिए जगंलो से ढका हुआ एक मात्र पंगडडी रास्ता है, इस पगंडडी रास्ता से गुजरते हुए भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि जी. श्रीनिवास रेड्डी एंव गौरव समाज के अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम शाह जी व शंकर सहनी ग्रामीणों के मध्य पहुंचे,सरपंच पूर्व सरपंच लोकेश उरसा, पेरमा, पुजारी गायता ने गांव कि समस्याओं से भाजपा नेताओं को अवगत कराया और मडेम से ओडसनफलली तक सडक निर्माण कि मांग कि है, पूर्व में भी ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से अनुरोध किया था, परंतु आज पर्यन्त तक सडक नहीं बन पाया है, इस गांव में लगभग चालीस मकान है। नलजल योजना के तहत पानी का ओवर हेड टैंक लगा हुआ है, जोकि बोरिंग से कनेक्ट किया गया है, उसकी स्थिति भी काफी दयनीय है। इस क्षेत्र का प्रसिद्ध भूमि दूरिया मंदिर पहुंच कर भाजपा नेताओं ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों कि सुख समरिधि कि कामना की है, इस मंदिर के पुजारी ने बताया है, कि दस वर्ष पूर्व से मंदिर जीर्णोद्धार कि मांग जनप्रतिनिधियों से कि है, इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। इस पर भाजपा नेताओं ने मंदिर के पुजारी एंव क्षेत्र वासियों को विश्वास दिलाया कि, शासन - प्रशासन से सडक निर्माण एंव मंदिर जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण करवायेंगे और क्षेत्र के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलवाने का भरसक प्रयास करेंगे।

राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय का उद्घाटन नपाध्यक्ष ने किया

सिमगा, 3 अप्रैल। सिमगा में राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार ब्यूरो कार्यालय का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। यह बलौदाबाजार जिले में पहला कार्यालय खुला है।कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी एवं प्रदेशाध्यक्ष घासी भारद्वाज, प्रादेशिक सचिव संजीव कुमार, जिलाध्यक्ष व संभागीय जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र यादव सिमगा अध्यक्ष जिनेंद्र जैन अजय मसीह, नंद कुमार चेलक सहित जिले के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री भाटिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में हमें जो मौलिक अधिकार दिए गए हैं उन अधिकारों का यदि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा हनन किया जाता है तो ऐसे लोगों को न्याय व अधिकार दिलाने का कम राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्था की शाखा आज सिमगा में खुल रहा है यह हम सभी के लिए बड़ी बात है। पालिका अध्यक्ष भाटिया ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति सीधे कार्यालय से संपर्क कर अपने हक एवं अधिकारों की रक्षा कर सकता है। जिला अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने कहा कि हमारी संस्था दिल्ली से संचालित है जो ऐसे लोगों को न्याय दिलाने के लिए लड़ती है जिनका कही न कहीं अधिकारों का हनन हो रहा है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को लिखित में हमारे कार्यालय में शिकायत करनी होगी। जिसके पश्चात संबंधित व्यक्ति को उनका हक व अधिकार दिलाने का काम हमारा रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान 10 मामले उनके पास आये थे जिसमें संबंधित व्यक्ति को न्याय दिलाया गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग लोगों को निशुल्क सहयोग प्रदान करता है। कार्यक्रम को अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। साथ ही बलौदाबाजार, भाटापारा व सुहेला, तिल्दा नेवरा, खरोरा के ब्लॉक अध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ गौरी खान, मुबारक हुसैन, दिलीप कोसले, सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। अंत में हरदीप सिंह भाटिया एवं सुरेन्द्र यादव दोनों का आज जन्मदिन अवसर पर केक काटा गया।

एवियन इन्फ्लुएन्जा (बर्ड फ्लू) से बचाव के संबंध में एडवायजरी जारी

रायगढ़, 3 अप्रैल। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, रायगढ़ ने एवियन इन्फ्लुएन्जा (बर्ड फ्लू) से बचाव के संबंध में एडवायजरी जारी किया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू रोग पक्षियों का संक्रामक एवं घातक रोग है, जिससे बैकयार्ड पोल्ट्री पालक एवं पोल्ट्री व्यवसायों को अत्यधिक हानि होती है।वर्तमान में छ.ग.के कोरिया जिले में स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू रोग की पुष्टि हुई है। उपरोक्त परिस्थितियों को देखते जिले के पोल्ट्री पालकों एवं पोल्ट्री व्यवसायियों को सलाह दी जाती है कि संक्रमित क्षेत्र एवं उसके आसपास के ईलाकों से किसी भी प्रकार की पोल्ट्री पक्षियों/उत्पादों की खरीद बिक्री न की जाए।

पक्षियों में किसी भी प्रकार की

हेल्पलाइन नम्बर से दें बाल विवाह की सूचना, आपकी पहचान रखी जायेगी गोपनीय

बीजापुर, 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नियमित रूप से बच्चों एवं महिलाओं को संरक्षण को लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान बीजादूतीर के माध्यम से गांव गांव में बच्चों को जानकारी दी जा रही है कि सभी बच्चो को स्कूल की पढ़ाई पूरी करने और हिंसा से सुरक्षित रहने का अधिकार है, कम उम्र में और जबरन शादी के कारण अभी भी बहुत से लडके/लडकियां इन अधिकारों से वंचित रह जाते है। अभी शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में बाल विवाह जैसी शिकायते भी विभाग को मिलती है इसके लिए विभाग के लिए गाईड लाईन एवं टोल फ्री नम्बर जारी किये जाते है। जिससे की बाल विवाह को रोका जा सके। कही भी बाल विवाह संबंधी जानकारी कही भी मिले तो चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, और महिला हेल्पलाईन 181 पर कॉल करे इसके अलावा नजदीकी आंगनबाडी केन्द्र की कार्यकर्ता, सरपंच, पार्षद, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी, स्थानीय नेताओं को भी सूचना दे सकते है बाल विवाह एक अपराध है बाल विवाह की सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। अगर अपने आसपास बाल विवाह होने की सूचना मिले तो इन सब माध्यमों से और बच्चों के लिए काम करने वाली किसी नजदीकी संस्था या बीजादूतीर स्वयं सेवक के माध्यम से जानकारी दे सकते है।

जनदर्शन में कलेक्टर के सामने लोगों ने रखी अपनी मांग, शिकायतें एवं समस्याएं

रायगढ़, 3 अप्रैल। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सृजन सभाकक्ष में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनदर्शन में आज जनसामान्य से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदकों से उनकी मांग, शिकायत एवं उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदनों की जांच कर यथा शीघ्र निराकरण की बात कही। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी आवेदनों के समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री रवि राही सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम चिल्कागुड़ा निवासी श्री कमलेश चौहान एवं वहां के रहवासियों ने पेयजल की समस्या को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल को बताया कि ग्राम दनौट से लगभग 3 किलोमीटर दूर बस्ती है, जहां पेयजल की समस्या है, जहां कुछ दिन के लिए कुएं का उपयोग करते हैं लेकिन गर्मी में परेशानी होती है। उन्होंने हैंड पंप खनन की मांग की। कलेक्टर श्री गोयल ने ईई पीएचई को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम तड़ोला के निवासी शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन की मांग के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय तड़ोला की स्थापना एवं शाला भवन निर्माण 1953 में हुआ था। जिसे शासन द्वारा जर्जर घोषित किया जा चुका है किंतु भवन के अभाव में इसी भवन में शाला संचालित की जा रही है। शाला भवन कच्चा एवं छप्पर होने के कारण बारिश के मौसम में कक्षाओं में पानी भर जाता है, जिससे अध्यापन कार्य पूरी तरह प्रभावित होता है। बालिकाओं के लिए बनाए गए शौचालय पूरी तरह जर्जर हो चुके है। उन्होंने विद्यालय में एक भवन एवं बालक- बालिकाओं हेतु शौचालय की मांग की। कलेक्टर श्री गोयल ने सीईओ जिला पंचायत को जांच कर आवश्यकतानुसार निर्माण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लैलूंगा के रूड़ाकेला निवासी श्री प्रकाश पैकरा आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि प्रदान करने की मांग आवेदन कर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके भैया पवन कुमार पैकरा का कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई थी। जिसका उन्होंने संपूर्ण दस्तावेज संलग्न किया है। उन्होंने आग्रह किया कि आरबीसी 6-4 के तहत उन्हें सहायता राशि प्रदान किया जाए। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने एसडीएम लैलूंगा को आवेदन की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। तमनार के ग्राम कचकोबा निवासी दयाराम रेशम विभाग अंतर्गत अनुदान राशि के संबंध में शिकायत आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि रेशम विभाग द्वारा उनके साथ सात अन्य किसानों खेत में शहतूत पौधा लगाने हेतु 5 लाख 20 हजार की अनुदान राशि स्वीकृत की गई थी। अनुदान के तहत रेशम विभाग द्वारा शहतूत लगाने हेतु तथा कीट पालन हेतु मकान निर्माण हेतु 3 लाख प्रदान किया गया तथा पौधे हेतु 2 लाख 20 हजार रुपए की राशि आज पर्यंत तक फील्ड ऑफिसर द्वारा प्रदान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि राशि नहीं मिलने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने फील्ड ऑफिसर पर कार्यवाही करते हुए शेष राशि प्रदान करवाने का आग्रह किया। कलेक्टर श्री गोयल रेशम विभाग को आवेदन का उचित निराकार के निर्देश दिए।जनपद पंचायत लैलूंगा के तहत विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुकडेगा में कार्यरत नर्स को हटाने की मांग को लेकर शिकायत आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कार्यरत नर्स द्वारा मरीजों से अपशब्द एवं ईलाज से संबंधित लापरवाही की शिकायत की साथ ही कार्यरत नर्स को यथा शीघ्र हटाने की मांग की। कलेक्टर श्री गोयल ने आवेदन पर स्वास्थ्य विभाग को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। रायगढ़ निवासी राजेश्वरी नामदेव बच्चों की पढ़ाई के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वह अकेली रहकर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है। उन्होंने अपने बेटे के लिए आरटीई के तहत ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु कोशिश की परंतु उनकी बेटे के लिए क्लास वन के लिए कोई भी स्कूल उपलब्ध नहीं दिख रहा है। उन्होंने अपने बेटे को अच्छे स्कूल में पढने हेतु मार्गदर्शन के लिए निवेदन किया। कलेक्टर श्री गोयल ने डीईओ को उचित मार्गदर्शन हेतु निर्देशित किया।

ग्राम पंचायत सूर्री निवासी पूजा पटेल राशन कार्ड से अपना नाम कटवाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सुर्री में माता-पिता के साथ उनका नाम राशन कार्ड में जुड़ा हुआ है। लेकिन उनकी शादी अन्य जिले में होने के कारण वह अपना नाम ससुराल के राशन कार्ड में जुड़वाना चाहती है। उन्होंने राशन कार्ड से नाम कटवाने का आग्रह किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बरौना कुंडा के निवासियों ने राशन प्रदाय ना करने के संबंध में शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में अगस्त 2024 का राशन प्रदाय नहीं किया गया है एवं दुकान संचालक को कहने पर उचित जवाब नहीं दिया जा रहा है। आज पर्यंत तक चावल का वितरण नहीं से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कार्यवाही करने एवं राशन प्रदाय करने की मांग की है। कलेक्टर श्री गोयल ने खाद्य अधिकारी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

आम फल बहार की नीलामी 9 को

रायगढ़, 3 अप्रैल। शासकीय उद्यान रोपणी बोईरदादर रायगढ़ के आम फल बहार की नीलामी प्रक्रिया 9 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से शासकीय उद्यान रोपणी बोईरदादर, रायगढ़ में किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए उद्यान अधीक्षक शासकीय उद्यान रोपणी, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

सीपीआई ब्रांच कमेटी धनोरा का कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित

बीजापुर, 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर ज्ञात हो की आज दिनाँक 2अफ्रेल 2025 को सीपीआई ब्रांच कमेटी धनोरा का कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित किया गया था। बता दें कि हर तीन वर्ष के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संविधान के अनुसार पार्टी संगठन में किसी भी पद निर्वाचित हेतु। खुले मंच में पूरे पारदर्शिता के साथ सम्मलेन कर पदाधिकारियों का चुनाव किया जाता है। पार्टीलाइन के ही अनुसार आज ग्राम पंचायत धनोरा में कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कामरेड कोवाराम हेमला ने की, और नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें राजू तेलाम, ब्रांच सचिव और आयतू तेलाम सह सचिव चुने गए। कार्यक्रम के अंतिम में सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने अपने संबोधन में चुने हुए नए पदाधिकारियों को बधाई दी और आगामी दिनों में, सर्वहारा वर्ग के हितों के लिए संघर्ष में तेजी लाने की बात कही, वर्तमान सरकार की जन विरोधी नितियों स्थानीय, आदिवासी विरोधी नीति, बढ़ती सांप्रदायिकता, साम्राज्यवादि ताकतों के खिलाफ़, लूट शोषण और जल जंगल ज़मीन, को बचाने आदिवासियों के हक अधिकार दिलाने, बस्तर में ऐसे अनेकों अनगिनत मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने की उम्मीद जताई। इस कार्यक्रम में उपस्थित साथियों के नाम। सीपीआई जिला सचिव कमलेश झाड़ी, कोवा राम हेमला, संजय झाड़ी, राजेश पोरतेक, जेम्स कुड़ियांम, बुधराम वाचाम,, सुरेश, आयतू, रिंकू, रचना तेलाम, सरिता, संजना, रंजिता, नूतन, सुखलू आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीएम आवास योजना के तहत लोगों को जनपद सदस्य ने गृह प्रवेश कराया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा, 3 अप्रैल। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को गृह प्रवेश जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस ने नवनिर्मित मकानों में गृह प्रवेश ग्राम पंचायत अरमुरकसा में कराए उनके साथ ग्राम पंचायत के सरपंच हलदार गोरे एवं ग्राम पंचायत के सभी पंच उपस्थित थे, ग्राम पंचायत अरमुरकसा के बीस हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया सभी के घरों में विधिवत पूजा अर्चना कर घर में जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस ने फीता काटकर गृह प्रवेश कराए।

हितग्राही अपने नए घर में प्रवेश कर बहुत हर्षित थे इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस ने कहा कि आप सभी को अपने नए आवास की हार्दिक बधाई पूरे प्रदेश में मोदी की गारंटी के तहत प्रधानमंत्री ने जो प्रदेश में 18लाख परिवार को जो आवास की गारंटी दिए है जिसे आज प्रथम चरण में आज तीन लाख परिवारों का गृह प्रवेश है जिसे आज हम सब मिलकर आज का गृह प्रवेश का आयोजन कर रहे है आगे भी निरंतर प्रदेश की सरकार गरीबों का पक्का मकान बनाने का सपना पूरा करते रहेगी।

अभी भी हमारे ब्लॉक में आठ हजार से अधिक आवास नए हितग्राहियों का सर्वे हो रहा है जिनका सर्वे नहीं हो पाया वो भी अपना सर्वे कराए और अपना भी मकान पाए इससे पहले जिनका खेती या घर में मोटर सायकल रहता था उनको नहीं मिलता था लेकिन अब पांच एकड़ तक के किसान जिनके पास मोटर सायकल भी है उनको भी आवास योजना के तहत नया मकान मिलेगा छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार हर वर्ग को मदद करने को तैयार है इस कार्यक्रम में सरपंच हलधर गोरे ने कहा कि हम अपने पंचों के साथ घूम घूमकर आवास का सर्वे कर रहे है ताकि कोई भी जरूरत मंद ना छुटे हमारे क्षेत्र की जनपद सदस्य हमे हर संभव मदद का भरोसा दिए है हम उनके साथ मिलकर हमारे गांव को संवारने की दिशा में काम करेंगे इस अवसर पर रोजगार सहायक भीष्म धनकर बलदेव दास मानिकपुरी ग्राम पटेल रतन लाल तराम ग्राम के पंच गैंदी बाई केराम मीना बाई रावते योगेश्वरी निर्मलकार विनोद बालेंद्र भुनेश्वरी तराम रिखी राम गोरे सुरेश जगनायक उपस्थित थे।

एक नजर

राज्यपाल रमेन डेका जिला प्रवास पर

बलौदाबाजार, 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका 3 अप्रैल 2025 को जिला बलौदाबाजार - भाटापारा के संक्षिप्त प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान राज्यपाल श्री डेका एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत संयुक्त जिला कार्यलय परिसर बलौदाबाजार मे पौधरोपण करेंगे। इसके पश्चात् संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक मे शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री रमेन डेका 3 अप्रैल 2025 को प्रातः 9:30 बजे राजभवन रायपुर से सडक मार्ग से बलौदाबाजार के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल श्री डेका प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचेंगे एवं एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत संयुक्त जिला कार्यलय परिसर बलौदाबाजार मे पौधरोपण करेंगे। इसके पश्चात् संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक मे शामिल होंगे। राज्यपाल श्री डेका प्रवास के दौरान केंद्र सरकार की योजना के क्रियान्वयन का अवलोकन भी करेंगे। राज्यपाल श्री रमेन डेका अपरान्ह 2 बजे मुंगेली जिला के लिए प्रस्थान करेंगे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित सहायिका के 8 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार, 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सोनाखान एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2 एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 6 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2 पद बोरसी आंगनबाड़ी केन्द्र क्र.-02, भानपुर आंगनबाड़ी केन्द्र क्र.-01 एवं सहायिका के 6 पदों के लिए बल्दाकछार केन्द्र क्र.-01, बोरसी केन्द्र क्र-02, नगरदा, खुड़मुड़ी, बार, एवं कंजिया आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान,जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के पते पर अपना आवेदन पत्र पंजीकृत डाक एवं व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते है।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 7 अप्रैल तक

बलौदाबाजार, 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत धाराशिव केन्द्र क्रमांक-02 में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे। परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना धाराशिव केन्द्र क्रमांक-02 आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए सूची जारी की गई है। वरीयता सूची के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति करनी है तो समस्त दस्तावेज सहित कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में 7 अप्रैल 2025 तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालयीन समय 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

छुरा में देवी भागवत कथा का तृतीय दिवस

चारों आश्रमों में गृहस्थ श्रेष्ठ : पं.अमन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 3 अप्रैल। देवी भागवत कथा के तृतीय दिवस व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए रामानुज अनिरुद्ध दास पं अमन शर्मा ने देवी उत्पत्ति कथा सुनाते हुए कहा कि चारो आश्रमों में गृहस्थ आश्रम श्रेष्ठ है क्योंकि गृहस्थ आश्रम में ही भगवान का अवतार होता है ब्रम्हचारी के यहां तो आ नहीं सकते इसलिए वे किसी गृहस्थ को चुनते है शिव महापुराण में भी दो अध्याय गृहस्थ आश्रम का है कहा गया है।

धन्यो गृहस्थ आश्रमः किन्तु वही गृहस्थ धन्य होता है जिसके घर में आनंद होता है जहां आनंद होता है वहां दुख नहीं आता क्योंकि भगवान का एक नाम आनंद है जिसका कोई विपरीत नहीं होता आनंद हमेशा बढ़ता ही रहता है कथा में आनंद है सुख घटता है सानंदं सदनं सुताश्च सुतियः कांता प्रिय भाषिणी सन्मित्रंस धनं अर्थात जिस घर के बच्चों की बुद्धि अच्छी हो वह गृहस्थ धन्य है जैसे ध्रुव प्रहलाद ने अपने घर को धन्य कर दिया उनके कारण भगवान ने उन्हे दर्शन दिया जिस घर की गृहणी मृदुभाषी हो वह गृहस्थ धन्य है जिनके अच्छे मित्र हों जहाँ रीति नीति और प्रीति से धनार्जन किया जाता हो जिस घर में अतिथि सत्कार किया जाता हो वह गृहस्थ धन्य है गृहस्थ आश्रम का दारोमदार माताओं के हाथों में होता है जो नारी सौभाग्य चिन्हों को हमेशा धारण किये रहती है सुंदर सुंदर भोजन पकाती है प्रतिदिन तुलसी को जल चढ़ाती है वह गृहस्थ धन्य है जिस घर में भोजन भजन भाष्य और भ्रमण परिवार के साथ एक साथ होता हो जिनकी सतसंग में लगाव हो वह घर धन्य है सत्संग का एक क्षण और अन्न का एक कण महत्वपूर्ण होता है जिस घर में बच्चों को संस्कारित किया जाता है वह गृहस्थ धन्य है क्योंकि बालपन से सिखाया गया संस्कार और भक्ति सदा साथ रहती है आजकल भौतिकवादी जीवन तथा एकल परिवार में इसका अभाव हो गया है उन्होंने बताया कि सतसंग के बिना विवेक नहीं आता कथा पंडाल में सतसंग होता है यह एक छोटा विश्व विद्यालय होता है जहां सबको कर्म और धर्म की शिक्षा दी जाती है जिससे इह लोक और परलोक दोनों को सुधारने का ज्ञान दिया जाता है जबकि भौतिकवादी विद्यालयों में केवल इहलोक की बातें सिखायी जाती है।

जीव का प्रथम लक्ष्य भगवती की प्राप्ति ही होता नारी के तीन रुप होते हैं पुत्री पत्नी और मां नारी ही पुरुष को परमेश्वर बनाती है इसलिए उसे धर्म पत्नी कहा जाता है जो पति को धर्म के मार्ग पर चलना सिखाए वही पति परमेश्वर होता है जो धर्माचरण करे। कथा के साथ साथ महराज जी सुमधुर संगीत के साथ भजन करते है जो आनंद देता है

समाचार संक्षेप

जिले के सभी लोगों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आसानी से मिले:कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 3 अप्रैल। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के आम नागरिकों एवं सभी जरूरतमंद लोगों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ सुगमता से सुनिश्चित कराई जाए। कलेक्टर चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिले के बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के सभी बैंकर्स को जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा लोन के अलावा छोटे व्यवसायियों तथा किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड के प्राप्त प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से ऋण प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की अध्यक्षता में आज आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। इसके अलावा बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सौरभ जैन एवं भारतीय रिजर्व बैंक के समन्वयक सुधीर सहाड़े सहित विभिन्न बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैंकवार प्राप्त एवं स्वीकृत प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता के साथ बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दिलाने एवं प्रकरणों के स्वीकृत नही होने पर उनका वाजिब कारण भी बताने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्टैण्डअप इंडिया, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के साथ-साथ अंत्यावसायी, अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत प्राप्त एवं स्वीकृत प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों में किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बलौदाबाजार, 5 अप्रैल। जिले मे अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सहकारी समितियां द्वारा संचालित तीन प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र लाहोद, वटगन, एवं अमेरा मे बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे उपस्थित नागरिकों को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र मैं मिलने वाली उत्तम किस्म की दवाइयां बहुत ही कम दाम पर प्राप्त होने एवं नागरिकों को अधिक से अधिक दवाइयां जन औषधि केंद्र से खरीदने एवं अधिक से अधिक बचत होने की जानकारी दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाहोद के डॉक्टर बी विश्वास के द्वारा शिविर में उपस्थित नागरिकों का बीपी शुगर का जांच किया गया एवं स्वास्थ्य का जानकारी प्रदान किया गया। इसीतरह ग्रामीण सेवा सहकारी समिति लाहौद द्वारा ग्राम पंचायत के प्रांगण में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों का मधुमेह एवं रक्त-चाप का निःशुल्क परीक्षण कराया गया।

चारामा के 21 बच्चों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ

चारामा, 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विकासखंड चारामा से जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में विकासखंड के 21 मेधावी छात्र-छात्राओं ने चयनित होकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विकासखंड चारामा ने लगातार जिले में अव्वल रहने के रिकार्ड को कायम रखा हैं। विकासखंड चारामा से नवोदय करप के लिए 21 बच्चों का चयन हुआ हैं।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आपरेशन विश्वास के तहत चलाया विशेष अभियान

शराब पीकर वाहन चलाने वाले6चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 3 अप्रैल। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ÷ऑपरेशन विश्वास÷ के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 01.04.2025 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 06 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है।

उक्त जप्त सभी 06 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इस वर्ष 2025 में दिनांक 01.04.2025 तक की स्थिति में शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 445 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा कुल ?42,23,000 का अर्थदंड दिया गया है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले 2 कोचिए किए गए गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 3 अप्रैल। ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 02.04.2025 को पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा तड़के सुबह एक साथ ग्राम रामपुर एवं धनगांव मे दबिश दिया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बनाते एवं बिक्री करते हुए 02 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?50,600 कीमत मूल्य का 253 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। साथ ही प्रकरण में अवैध महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 02 नग गैस सिलेंडर, 02 नग गैस चूल्हा एवं बड़े बर्तन (बांगा) आदि भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम रवि डहरिया उम्र 32 साल निवासी ग्राम रामपुर थाना पलारी] सहोद्रा बाई उम्र 25 साल निवासी ग्राम धनगांव थाना सिटी कोतवाली

राजस्व पखवाड़ा आयोजन के लिए तिथि एवं स्थल निर्धारित

तीन पखवाड़े में होगा विशेष शिविरों का आयोजन, पहला पखवाड़ा 7 से 22 अप्रैल तक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 3 अप्रैल। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले मे राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारी कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन मे किया जा रहा है। राजस्व पखवाड़ा के तहत विशेष शिविर आयोजन हेतु तिथि व स्थल निर्धारित किया गया है जिसमें जिले के 84 ग्राम पंचायतों मे विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों मे जिले के सभी 519 ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्राम शामिल होंगे। पहला पखवाड़ा 7 अप्रैल से 22 अप्रैल तक, दूसरा पखवाड़ा 13 मई से 27 मई तक एवं तीसरा पखवाड़ा 16 जून से 30 जून के मध्य में आयोजित होगा। इन शिविरों में नामांतरण, सीमांकन, बंटाकन, फौती, खाता, रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण, ऑनलाइन रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण, नजूल भूमि का नवीनीकरण, डायवर्सन, भू-भाटक राजस्व, राजस्व संग्रह, वसूली के लंबित मामले एवं राजस्व विभाग से सम्बंधित अन्य मामलों का निराकरण समय -सीमा के भीतर करनें के निर्देश कलेक्टर श्री सोनी ने सभी राजस्व अधिकारियों को दिए है।

शिविर का आयोजन 7 अप्रैल, 13 मई एवं 16 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत करमदा, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत नयापारा, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत फुण्डरडीह, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत तरेंगा, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत दामाखेड़ा, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत जांगड़ा, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी(ब), तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बलौदा, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनाखान में होगा। 8 अप्रैल, 14 मई एवं 17 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरी, झोंका, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत परसाडीह, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत दातान प, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत कडार, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत करहुल, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौद बड़े, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरछेडी, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत नरधा, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव। 9 अप्रैल, 15 मई एवं 18 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत रसेडा, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत चंगोरी, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवसुंदरा, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत दत्तरेंगी, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत संजारीनवागांव, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत फरहदा, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरौद, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत बार में होगा। 11 अप्रैल, 16 मई एवं 19 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत मुडियाडीह, तहसील लवन अंतर्ग ग्राम पंचायत करदा, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसमी, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरखी, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहरा, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकोनी, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरसी, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोदी, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमसरा (ब) में होगा। 12 अप्रैल, 19 मई एवं 20 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत परसाभदेर, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत पैजनी, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखली, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत दरचुरा, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसमसरा (क), तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मटिया, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत डूमरपालीमें होगा। इसी प्रकार 15 अप्रैल, 20 मई एवं 23 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत बलौदाबाजार, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत डमरू, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत वटगन, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसांकरा, तहसील सुहेला अंतर्गत सुहेला, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधौरी, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदन में होगा।16 अप्रैल, 21 मई एवं 24 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत सुढ़ेली, तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधपुरी, तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेलिया, तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत कचलोन, तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम पंचायत खपराडीह, तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला, तहसील टुण्डरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हारी, तहसील सोनाखान अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर में होगा।17 अप्रैल, 22 मई एवं 25 जून को बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चांपा, तहसील

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202503092100032 अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अमीपाल सिंग कक्कड़ वल्द दलजीत सिंग कक्कड़ जाति सिक्ख उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनादगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि हमारे अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि नजूल शहर बुधवारीपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्रमांक 06 भूखण्ड क्रंमाक 1926/2 क्षेत्रफल 1920 व.फु. लगान 4.50 पैसा है जिसे विक्रेता के द्वारा विधिवत मुझ क्रेता अमीपाल सिंग कक्कड़ वल्द दलजीत सिंग कक्कड़ जाति सिक्ख उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में विक्रय पत्र के माध्यम से पंजीयन कराया गया है जिसका पुस्तक कंमाक 1 ग्रंथ क्रमांक 3141 में पृष्ट 410 से 433 तक विलेख क्रमाक CG-2024-25-127-1-2061 पंजीयन दिनांक 28/02/2025 को पंजीबद्ध है। विक्रेतागण के द्वारा विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय की गई भूमि का मेरे द्वारा आज दिनांक तक अपने नाम से नामांतरण नहीं कराया गया है। नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलबाना, विक्रयपत्र की छायाप्रति पेश किया है।

अतएवं उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 21/04/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

मुहर

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर

मैनुअल निविदा सूचना

दूरभाष नम्बर-07782-222865 ई-मेल आईडी eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक/983/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2025-26 **जगदलपुर, दिनांक 01/04/2025**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला बस्तर के विकासखण्डों के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्यों के संपादन हेतु **प्रथम बार** जोनल निविदा 16.04.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	विकासखण्ड/कार्य स्थल	कार्य का विवरण प्रत्येक जोन के तहत	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	विकास खण्ड जगदलपुर, लोहण्डीगुड़ा, तोकापाल, बास्तानार, दरभा, बकावण्ड एवं बस्तर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्य।	रू. 25.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन/मंच/पुलिया/ बाउड़ीवाल/नाली/सड़क एवं अन्य समस्त प्रकार के निर्माण कार्य	40.00 लाख प्रत्येक हेतु	16/04/25 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सम्बंधी शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साइट http://res.cg.gov.in से भी दिनांक **10.04.2025** के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

(जे.के. गौर)
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग, जगदलपुर

जी- 252600012/9

एक नजर

मुसलमानों ने कहा-न दूरी है न खाई है मोदी हमारा भाई है

रायपुर, 03 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को राजधानी के नगर घड़ी चौक पर संसद में प्रस्तुत वक्फ बोर्ड संशोधन का आतिशबाजी करके स्वागत किया गया। इसे गरीब मुस्लिमों के हित में उठाया गया एक ऐतिहासिक व क्रांतिकारी कदम बताते हुए मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू को बधाई दी। इस मौके पर मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ÷न दूरी है, न खाई है - मोदी हमारा भाई है÷ के गगनभेदी नारे लगाकर मिठाइयाँ भी बाँटी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि आज जो वक्फ़ संशोधन बिल लाया गया है, उससे घोटालों पर कड़ी रोक लगेगी और जो अवैध कब्जाधारी हैं, उन पर लगाम लगेगी। ये अवैध कब्जाधारी अरबों रुपए की संपत्तियों पर सालों से अतिक्रमण करके बैठे हुए हैं, उन पर नकेल कसने के लिए कलेक्टर को साथ में शामिल किया गया है, ताकि कलेक्टर के द्वारा राजस्व मामलों के निपटारे जल्दी हों और राजस्व रिकॉर्ड सही कर उनका अतिक्रमण हटाया जा सके। मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि जब वह अतिक्रमण हटेंगे तो वहाँ पर अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए वहाँ स्कूल, अस्पताल बनाए जाएंगे। इन अतिक्रमणों के हटने से वक्फ सम्पत्तियों से सरकारी खजाने में 12 हजार करोड़ रुपए की आवक होगी जो अभी महज 162 करोड़ रुपए है। इस वक्फ विधेयक में पहली बार दो महिला सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान करके नारी सशक्तीकरण की दिशा में भी केंद्र सरकार ने क्रांतिकारी कार्य किया है।

कांग्रेस भ्रष्टाचार का खाया पचा रही: संदीप

रायपुर, 03 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कांग्रेस के संगठन चुनावों में हो रही देर को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा है कि कांग्रेस आज अजगर की भाँति सोई पड़ी है और अपने शासनकाल के भ्रष्टाचार के माल को पचाने में लगी है। कांग्रेस में पिछले डेढ़ वर्ष में न तो सदस्यता अभियान चला, न ब्लॉक कमेटियों के चुनाव हुए हैं और उन्हीं घिसे-पिटे प्रभावहीन जिला पदाधिकारियों से काम चला रही है। श्री शर्मा ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस में यह आलम है, जबकि दूसरी तरफ विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने सदस्यता अभियान चलाकर 60 लाख से अधिक सदस्य बनाये, बूथ, मंडल और जिला अध्यक्षों के चुनाव कराने के साथ ही नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में किरण सिंह देव को पुनः चुन लिया। इसी बीच लोकसभा, नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत भी दर्ज की।

वक्फ संशोधन विधेयक ऐतिहासिक कदम; विकास मरकाम

रायपुर, 03 अप्रैल। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पारित वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 की तारीफ करते हुए कहा यह विधेयक आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों और संस्कृति सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है। यह विधेयक 5वीं और 6वीं अनुसूची क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों के भूमि अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करता है यह आदिवासियों के परंपरा में वक्फ बोर्ड के अतिक्रमण से सुरक्षा देकर संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखेगा। विधेयक के मुख्य प्रावधानों में राज्यपाल और स्वायत्त परिषदों की स्वीकृति के बिना किसी भी भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित न किया जा सकने का प्रावधान शामिल है। इसके अलावा, विधेयक में धारा 40 को समाप्त कर दिया गया है, जिससे अब कोई भी भूमि केवल घोषणा के आधार पर वक्फ संपत्ति नहीं बन सकती। यह कदम आदिवासी और पारंपरिक भूमि अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी सुधार है। तथा वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को पारदर्शी और न्यायसंगत तरीके से हल करने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

अंबानी के लिये मोदी सरकार ने बीएसएनएल को तबाह कर दिया

रायपुर, 03 अप्रैल। सीएजी के रिपोर्ट में सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल द्वारा मोदी राज में रिलायंस जियो को दी जा रही रियायत और अनुचित सुविधा को लेकर हुए खुलासे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि अंबानी की जियो के लिये मोदी सरकार ने बीएसएनएल को तबाह कर दिया। केंद्र की मोदी सरकार केवल चंद पूजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए ही काम कर रही है। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि टॉवर जैसी बुनियादी ढांचा स्तेमाल करने का 1757 करोड़ 56 लाख रुपए शुल्क नहीं वसूली है। विदित हो कि केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से ही विगत 10 वर्षों से रिलायंस जियो से शुल्क वसूली स्थगित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि केंद्र की मोदी ने सरकार अडानी अंबानी के लाभ के लिए पहले स्पेशल इकोनामिक जोन से जुड़े नियमों में बदलाव किया, सदन में बिना चर्चा विपक्ष को मार्शल लगाकर बाहर करके एक ही दिन में 14-14 श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन थोपे, फिर पोर्ट, ऊर्जा, माइनिंग, कोल आयरनओर पेट्रोलियम जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अडानी का एकाधिकार स्थापित करवाया। देश के संसाधन, देश के सार्वजानिक उपक्रम, नव रत्न कंपनियों की संपत्तियां मोदी जी के चहेतों को लुटाए जा रहे हैं, कोल इंडिया लिमिटेड और एसईसीएल की खदानों में खनन का कार्य दबाव पूर्वक मित्रों को आबंटित करवा रहे।

स्थापना दिवस पर भाजपा पखवाड़े भर करेगी कार्यक्रमों का आयोजन

■ 'अंबेडकर के अपमान' का होगा जिक्र

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 03 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर पखवाड़े भर कार्यक्रम आयोजित करेगी. इस अवसर पर 6 अप्रैल को स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस दौरान एक तरफ जहां भाजपा गांव-गांव तक पहुंचेगी, वहीं दूसरी ओर ध्वज फहराकर और सेल्फी लेकर सोशल मीडिया में कार्यकर्ता अपलोड करेंगे.

इस बात की जानकारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने बताया कि BJP_FOR_VIKSIT_BHARAT टैग का सोशल मीडिया में उपयोग किया जाएगा. 7 और 8 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे. वहीं 9 और 10 अप्रैल मंडल में संगोष्ठी का आयोजन होगा.

इसके अलावा कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा. लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि 10, 11 और 12 अप्रैल को बीजेपी गांव चलो अभियान चलाएगी. स्वच्छता मिशन के तहत गांव में अभियान चलाया जाएगा. 13 और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के दौरान मूर्तियों की साफ-सफाई की जाएगी. 15 अप्रैल को संगोष्ठी में अंबेडकर की जीवनी बताई जाएगी, इसमें कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर का जो अपमान किया था, उसका भी जिक्र होगा.

रायपुर में होगा भारत-दक्षिण अफ्रीका का डे-नाइट मैच

रायपुर, 03 अप्रैल। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच डे-नाइट वन डे मैच 3 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा. इसकी अधिकृत घोषणा बीसीसीआई ने कर दी है. देश में वर्ष 2025 में होने वाले सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच की समय सारणी की घोषणा करते हुए बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका के साथ होने वाले इस मैच की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को दी है. उल्लेखनीय है कि 14 नवंबर 2025 से दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा प्रारंभ हो रहा है, जिसमें 2 टेस्ट मैच, 3 वनडे मैच तथा 5 टी- 20 मैचों की श्रृंखला खेली जायेगी. इसमें तीन दिसंबर को दूसरा वन डे मैच रायपुर में होगा। इससे पूर्व 21 जनवरी 2023 को भारत विरुद्ध न्यूजीलैंड वनडे मैच तथा 1 दिसंबर 2023 को भारत विरुद्ध आस्ट्रेलिया टी-20 मैच के रूप में दो अंतर्राष्ट्रीय मैचों का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ कर चुका है. चर्चा यह भी है कि इसी साल सितंबर से भारत में शुरू होने वाले महिला वर्ल्ड कप क्रिकेट के दो मैच की मेजबानी रायपुर को मिल गई है.

कुम्हारी टोल प्लाजा में अवैध वसूली: कांग्रेस

रायपुर, 03 अप्रैल। आज शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने एनएचएआई के दफ्तर में प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिग्विजय सिंह से मिलकर कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर चर्चा की। विकास उपाध्याय ने कुम्हारी टोल प्लाजा की समयावधि पूर्ण हो जाने के पश्चात् भी टैक्स वसूलने को लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कुम्हारी टोल प्लाजा को निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार का संरक्षण मिल रहा है, जिसके कारण वहाँ अभी भी अवैध वसूली का कार्य चल रहा है। विकास उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सदन में कहा था कि बहुत जल्द संपूर्ण भारत में टोल नाके बंद किये जायेंगे और सिर्फ जीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जायेगा। वहीं दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद कराने सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी से भेंट-मुलाकात कर पत्र सौंपा था और उन्होंने मीडिया पर झूठा ऐलान भी किया कि जल्द ही कुम्हारी टोल प्लाजा बंद होगा। विकास उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह तक घोषणा किये थे कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में ही दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला जो कथन है वो कितना सही है। लोगों को दिग्भ्रमित करने के लिए एनएचएआई ने एक योजना लागू करने की बात कही थी जिसमें साल का 3000 एवं 15 साल का 30000 रूपये जमा कर कार्ड जारी करने की बात कही गई थी जिससे उपभोक्ता को साल भर कोई टोल टैक्स देने की जरूरत नहीं है और यही नियम 15 साल वाली योजना पर भी थी।

उत्कर्ष ने खोला आउटलेट

रायपुर, 03 अप्रैल। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के महासमुंद के बसना में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने छत्तीसगढ़ में 24 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1092 आउटलेट खोल दिए हैं।

बसना के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक समूह से लाभ मिलेगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे कि आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के विरुद्ध ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ÷बसना में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन छत्तीसगढ़ में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

जैन संवेदना ट्रस्ट ने बीपी-शुगर मशीन का किया वितरण

रायपुर, 03 अप्रैल। कोरोनाकाल के पश्चात वर्तमान में युवाओं की हार्टअटैक से मौत की घटनाओं की बढ़ोतरी हुई है । परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर की बीमारियों ने अनेक जानें ली है । ब्लड प्रेशर कम ज्यादा होना जीवन के लिए घातक हो जाता है । घरों में बी पी मशीन होने से तुरंत प्रारम्भिक इलाज कर जान बचाई जा सकती है , जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर साधर्मिक भक्ति व अनुकम्पा सेवा सप्ताह के अंतर्गत जैन साधर्मिक परिवारों के लिए स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना में 2500 रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर एक साधर्मिक परिवार के सजग प्रहरी बन सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत बी पी व शुगर जांच की 23 मशीनों का वितरण किया गया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि नौकरीपेशा व मध्यमवर्गीय जैन परिवारों को आवश्यकता अनुसार 1 ब्लड प्रेशर मशीन व 1 शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट दिया जा रहा है । प्रथम चरण में जिन परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर से पीड़ित परिजन हैं ऐसे 50 परिवारों को मशीन वितरित की गई है । कोचर व चोपड़ा ने बताया कि जिन साधर्मिक भाई बहनों के परिवार में ब्लड प्रेशर व शुगर के मरीज हों वे संपर्क कर नाम दर्ज करवा सकते हैं । जैन संवेदना ट्रस्ट के चन्द्रेश शाह ने बताया कि संस्था द्वारा शुगर इक्यूपमेंट के साथ एक पैकेट जांच पट्टी भी दी जा रही है , आगे जांच पट्टी स्वयं को लेनी होगी । वीरेन्द्र डागा ने आगे बताया कि जरूरत होने पर ब्लड प्रेशर व शुगर जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है । ज्ञात हो कि जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा विगत दिनों में साधर्मिक स्वावलंबन योजना के अंतर्गत व्यवसाय में सहयोग किया जा रहा है व सुकन्या विवाह योजना पर कार्य किया जा रहा है।

वक्फ संशोधन बिल देश में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा

रायपुर, 03 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने वक्फ़ संशोधन बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो देश में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम से वक्फ़ संपत्तियों को भी कानून के दायरे में लाया गया है, जो पहले किसी भी न्यायिक समीक्षा से परे था। यह एक महत्वपूर्ण सुधार है, जिससे देश की न्यायिक प्रणाली को मजबूती मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि भारत में वक्फ़ संपत्तियों की संख्या अत्यधिक है और इसका समुचित उपयोग गरीब एवं जरूरतमंद मुस्लिम समुदाय के लोगों तक नहीं पहुँच पा रहा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वक्फ़ संपत्तियों का लाभ मुस्लिम समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिलना चाहिए, न कि कुछ विशेष लोगों तक सीमित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वक्फ़ बोर्ड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों में कई अनियमितताओं की पुष्टि हुई है, जिनका समाधान आवश्यक था। वक्फ़ संपत्तियों पर हुए अनधिकृत कब्जों को हटाने और इन संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कठोर प्रावधान किए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से वक्फ़ ट्रिब्यूनल के निर्णयों को अब न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी, जो एक बड़ा सुधार है। पहले यह संभव नहीं था, जिससे कई विवादों का समाधान नहीं हो पाता था। अब न्याय की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी। श्री शर्मा ने विपक्ष द्वारा बिल के विरोध को अनुचित बताया और कहा कि यह किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ उठाया गया कदम है।

उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में वक्फ़ संपत्तियों पर हुए अनधिकृत कब्जों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने इस निर्णय को राष्ट्रहित में बताया और कहा कि यह केवल वक्फ़ संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी धार्मिक संपत्तियों की पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत रहेगी।

रायपुर। जिला बलौदा बाजार भाटापारा प्रभारी अशोक राज आहूजा की उपस्थिति में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुमित्रा ने कार्यभार ग्रहण किया।

शोध पद्धतियों और मानकीकरण पर सेमिनार

रायपुर, 03 अप्रैल। विकास ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स ने हाल ही में परीक्षण निर्माण और मानकीकरण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें केडीआरसीएसटी की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल मुख्य वक्ता रहीं। इस सेमिनार का उद्देश्य विभिन्न शोध पद्धतियों और मानकीकृत परीक्षण तथा प्रश्नावली विकसित करने की प्रक्रिया को समझाना था। डॉ. सीमा अग्रवाल ने एक व्यापक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने विभिन्न शोध रूपों की मूलभूत जानकारी दी और परीक्षण तथा प्रश्नावली निर्माण की संरचित प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

बाजारों के पुनरुद्धार के लिए महापौर चौबे को सुझाव

रायपुर, 03 अप्रैल। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल माननीया श्रीमती मीनल चौबे जी, महापौर, रायपुर नगर निगम, से सौजन्य मुलाकात कर रायपुर के पारंपरिक बाजारों के पुनरुद्धार एवं व्यापारिक विकास के लिए आवश्यक सुझाव दिये।

श्री दोशी ने आगे बताया कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र के पारंपरिक बाजार नगर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जहां लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारी अपनी आजीविका के साथ-साथ अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं। ये बाजार निम्न एवं मध्यम वर्गीय जनता के लिए आवश्यक वस्तुओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। किंतु वर्तमान में ये बाजार अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं, जिसके कारण पारंपरिक व्यवसायी संकट में हैं, उपभोक्ता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स एवं मॉल की ओर रुख कर रहे हैं, और इससे राज्य सरकार के राजस्व में भी गिरावट आ रही है।

अधूरे सड़क निर्माण से ग्रामवासी परेशान

रायपुर, 03 अप्रैल। जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारे एवं कृषि उपज मंडी रायपुर के पूर्व मंडी अध्यक्ष नारायण कुर्रे क्षेत्रीय जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू कांग्रेस के सेक्टर प्रभारी अरुण लहरी ने बताया कि लगभग दो वर्ष से मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित सकरी से धनसूली मार्ग की अधूरे सड़क निर्माण कार्य मे लेटलतीफी से परेशान है सकरी के नागरिकों का सब्र दिनों दिन आक्रोश में बदलते जा रहा है ग्राम सकरी के बीचोबीच यह रोड का निर्माण हो रहा है जो मंडी बोर्ड के ठेकेदार ने कई महीनो से कार्य को बंद कर रखा है गाँव के बीचों बीच सड़क पर स्कूल एवम पंचायत भवन है मंडी बोर्ड के ठेकेदार द्वारा बेस गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है जिससे भारी भरकम ट्रकों के आवाजाही से धूल गुब्बारे में नजर आ रहे हैं स्कूल में धूल पंचायत में धूल गांव में पूरा धूल मिट्टी ही नजर आ रहा है जिसको स्कूल के बच्चे दिन भर सफाई कर कर स्कूल परिसर को साफ रखने के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने बताया कि मण्डी बोर्ड की राशि से विधानसभा सकरी से धनसूली तक 4 करोड़ 40 लाख की लागत से डामर युक्त सिंगल रोड का निर्माण किया जा रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा बेस गिट्टी डालने के बाद निर्माण कार्य को करीब एक वर्ष से बंद कर रखा गया है मंडी बोर्ड द्वारा सकरी से धनसूली तक डामर रोड बनाने का टेंडर विधानसभा चुनाव के आचार संहिता लगने से पहले सितम्बर 2023 को टेंडर जारी हुआ था ठेकेदार को जुलाई 2024 तक निर्माण कार्य को पूरा करना था लेकिन निर्माण कार्य आधा अधूरा है धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने सड़क निर्माण को मौके पर जाकर देखा उन्होंने बताया कि जिस रोड का निर्माण कार्य हो रहा है वह सकरी गांव की मुख्य सड़क है जहां से सभी गाड़ियों का गाँव के अंदर प्रवेश होता है।

इसी रोड में तीन-तीन राइस मील होने के साथ साथ एक बड़े थोक दवाई का गोदाम है इसी रोड के आगे धंनसूली में गिट्टी खदान एवं गिट्टी क्रेशर है इस मार्ग पर भारी वाहन का आना-जाना लगा रहता है जिसके कारण मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं अधूरे निर्माण कार्य होने पर उक्त मार्ग में भारी वाहन के आने जाने से धूल उड़ रहे हैं जो लोगो के आंखों एवं श्वास नली में जा रहा है जिसके कारण स्थानीय निवासियों की आंखों में जलन, दमा जैसे बीमारी ग्रहण कर रहा है इस कारण स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित है जो कभी भी आंदोलन का रूप ले सकता है सकरी से धंनसूली तक उस मार्ग को मंडी बोर्ड के मद से निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन अधिकारी व ठेकेदार मिलकर सड़क की गुवत्ता में लापरवाही बरत रहे हैं एवम गुणवत्ताहीन मटेरियल का प्रयोग किया गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26